CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

नई दिल्ली, रविवार 29 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 355 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 9 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री असीम अरुण ने उठाए सवाल पेज 2



धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर खेल टाइम्स



अब अगला नंबर क्यूबा का: डोनाल्ड ट्रम्प पेज 11



अल्लू अर्जुन ने किया 23 साल का फिल्मी सफर पूरा बॉलीवुड

# विकसित उप्र की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ करते हुए इसे विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया और 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह एयरपोर्ट केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश, व्यापार और निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। इससे किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने स्थानीय किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि उनकी भूमि के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी है और अब कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण होगा, जहां सड़क, रेल और हवाई परिवहन का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित किया गया है। कार्गो हब प्रारंभिक चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में भारत के लगभग 85 प्रतिशत विमान एमआरओ सेवाओं के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी व्यय होता है। जेवर में बनने वाली यह सुविधा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और अब यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वर्ष 2003 में स्वीकृत यह परियोजना लंबे समय तक लंबित रही, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से इसे गति मिली और आज यह धरातल पर उतर सकी है।




विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को मील का पत्थर बताया

## यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र : योगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जहां देशभर में उत्साह का माहौल है, वहीं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें दुनिया में बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आपूर्ति सुचारू है और कीमतें नियंत्रित हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश विकास में बाधा बना हुआ था, लेकिन डबल इंजन सरकार के बाद राज्य ने तेज गति से विकास किया है और अब बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू की ओर बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितम्बर को हुए 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बातचीत केवल मोदी और ट्रम्प के बीच थी: एलन मस्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रम्प के साथ अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि यह वार्ता केवल मोदी और ट्रम्प के बीच हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा कि हमने पूरी रिपोर्ट देखी है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी। दोनों नेताओं की इस बातचीत के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था। इसमें 161 यात्री सवार थे। विमान की सुबह 10:54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी। यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च को उड़ान संख्या 6ई 579 विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही थी। दिल्ली में उतरने से कुछ समय पहले तकनीकी खामी का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सावधानी बरतते हुए पायलट ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की अनुमति मांगी। सभी संबंधित एजेंसियों को घटना की जानकारी दे दी गई है और विमान की जरूरी जांच की जा रही है।

# भारत के दो और जहाज होर्मुज से हुए सुरक्षित पार

## जंग के कारण ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गए हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गई है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से बिना रुकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग-अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे-धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की। भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज स्ट्रेट को पार कर देश आ चुके हैं।




इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश पहुंच चुके

### अबू धाबी में ईरान के मिसाइल हमले, पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी घायल

**अबू धाबी।** अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले का मलबा गिरने से शनिवार तड़के पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास हुई घटना के संबंध में की गई समीक्षा के तहत यह पुष्टि हुई है कि इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों को हल्की चोटें आई हैं। कार्यालय ने बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक अवरोधित किए जाने के बाद गिरा मलबा तीन स्थानों पर आग लगने का कारण बना। इस घटना में एक पाकिस्तानी नागरिक भी घायल हुआ, जिससे कुल घायलों की संख्या छह हो गई है।

# ईरान जंग में हूती विद्रोही भी हुए शामिल

## इजरायल पर 2000 किमी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन/सना।** यमन में हूती बलों ने कहा है कि उन्होंने ईरान, लेबनान, इराक और फलस्तीनी क्षेत्रों पर हमलों के जवाब में इजरायल के सैन्य ठिकानों पर 2000 किमी की दूरी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

संघर्ष शुरू होने के बाद यह इजरायल पर उनका पहला हमला है। हूती के हमले ऐसे समय हुए हैं जब अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने अल-मसीरा टीवी के हवाले से कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक घोषित उद्देश्यों को हासिल नहीं किया जाता और प्रतिरोध के सभी मोर्चों पर आक्रमण बंद नहीं होता। इजरायली सेना ने कहा कि उसने एक मिसाइल को मार गिराया। ये हमले ब्रिगेडियर सरी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि हूती इस संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि संवेदनशील इजरायली सैन्य ठिकाने उनका निशाना होंगे। रात के दौरान बीर शेबा सहित कई इलाकों और इजरायल के प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सायरन बजे, जबकि ईरान और हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमले जारी रखे। हूती 2014 से यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखते हैं और अब तक अमेरिका-इजरायल संघर्ष से मोटे तौर पर बाहर रहे थे। इजरायल की सेना ने कम से कम एक मिसाइल को रोकने की पुष्टि की है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध में हूती हस्तक्षेप से लाल सागर के पास एक नया मोर्चा खुलने की आशंका बढ़ गई है।



कहा: मकसद पूरा होने तक हमला जारी रहेगा

### अलगाववादी नेता शब्बीर को मिली बेल

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश (एनआईए) प्रशांत शर्मा ने उन्हें एक लाख रुपये के जमानत बॉन्ड और एक लाख रुपये की सिक्योरिटी बॉन्ड पर रिहा किया। शब्बीर शाह 2019 से हिरासत में थे।

# 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार 'भारतीय खरीदो' श्रेणी के अंतर्गत इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जाएगी। यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी। इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। यह कदम जीईएम के माध्यम से इसी प्रकार की खरीद प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए व्यापक संस्थागत महत्व भी रखता है। व्यापक स्तर पर, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों को सुदृढ़ करता है और सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारतीय उद्योग की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देता है। इन टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में भारतीय सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

सेना ने ऐतिहासिक घटनाक्रम में जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया

## भारतीय सेना नई मारक शक्ति से लैस

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शनिवार को प्रहार लाइट मशीन गनों (एलएमजी) की पहली खेप सेना को सौंप दी। 7.62 मिमी कैलिबर की इन आधुनिक मशीन गनों का निर्माण ग्वालियर स्थित कंपनी के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में मेक इन इंडिया पहल के तहत किया गया है।

इस मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्रालय के डीजी (अधिग्रहण) ए. अंबरासु, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबरासु ने सेना के लिए तैयार की गई पहली खेप करीब 2,000 एलएमजी को लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की यात्रा बोली प्रक्रिया से शुरू होकर करीब छह साल में पूरी हुई है और कंपनी ने तय समय से 11 महीने पहले डिलीवरी कर दी है। उन्होंने कहा कि मूल समयसीमा सात साल से अधिक की थी, लेकिन कंपनी अगले तीन वर्षों में पूरे ऑर्डर को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



डिलीवर हुई प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप

# मैनाठेर बवाल मामला: डीआईजी पर हमले में 16 दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में वर्ष 2011 के चर्चित मैनाठेर बवाल मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डीआईजी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने शनिवार को यह निर्णय सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, 23 मार्च को सभी 16 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जबकि सजा सुनाने की तिथि 27 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अवकाश के कारण शनिवार को सजा सुनाई गई। यह घटना 6 जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। एक युवती से छेड़खानी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। महिलाओं द्वारा कुरान के अपमान का आरोप लगाए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया। उग्र भीड़ ने तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार सिंह (वर्तमान में एडीजीपी) को घेर लिया। उनकी पिस्टल छीन ली गई और उन्हें बेरहमी से पीटा गया। जान बचाने के लिए डीआईजी पास के पेट्रोल पंप के कमरे में छिपे, लेकिन भीड़ ने दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाल लिया और हमला जारी रखा। इस घटना में डीआईजी सहित 10 पुलिसकर्मी और कुल 18 लोग घायल हुए थे। उपद्रवियों ने पुलिस वाहनों और चौकी में तोड़फोड़ कर आगजनी भी की थी। पुलिस ने इस मामले में 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से 25 को गिरफ्तार किया गया। तीन आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है, जबकि छह नाबालिगों के मामले अलग चल रहे हैं। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने 16 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अदालत परिसर में भावुक माहौल देखने को मिला।

उग्र भीड़ ने डीआईजी अशोक कुमार को पिस्टल छीनकर बेरहमी से पीटा था

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में 10 अप्रैल को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के दौरान जिन 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई शुक्रवार को पूरी कर ली गई। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जारी किए गए 100 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है।

### कृषि अनुसंधान संस्थान की कक्षाएं ऑफलाइन चलेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने ऑनलाइन कक्षाओं से संबंधित अपने 25 मार्च की पिछली सूचना वापस ले ली है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले की सूचना की समीक्षा के बाद, आईसीएआर- आईएआरआई ने अगले ही दिन अपने परिसर में सभी कार्य सुचारु रूप से बहाल कर दिए थे।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए पहली उड़ान का हुआ संचालन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ के लिए रवाना हुए

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर क्षेत्र ग्रेटर नोएडा जेवर स्थित महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लखनऊ के लिए पहली उड़ान का संचालन किया गया।

इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं पहली फ्लाइट में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह उड़ान न केवल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश के हवाई कनेक्टिविटी नेटवर्क को भी मजबूत करने वाला अहम कदम माना जा रहा है। जेवर स्थित यह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहली उड़ान के साथ ही यह एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे नियमित सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में यहां से देश-विदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन साबित होगा। इससे न केवल निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि पर्यटन और उद्योग को भी नई गति मिलेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी इसे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। लखनऊ के लिए पहली उड़ान शुरू होने से राजधानी और पश्चिमी यूपी के बीच यात्रा अब और आसान हो जाएगी। इससे व्यापार, प्रशासनिक गतिविधियों और आम यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक चरणबद्ध तरीके से अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट्स शुरू की जाएंगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। जेवर का नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास और आधुनिक बुनियादी ढांचे का प्रतीक बनता जा रहा है।

## अंबेडकर जयंती पर बसपा के शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रमुख मायावती 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। बसपा के सूत्रों की मानें, तो इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक में होगा, जहां मायावती पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकती हैं। बैठक में बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार आकाश आनंद को संगठन मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को धार देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अगस्त 2025 में राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने के बाद मायावती पहले ही संकेत दे चुकी थीं कि आकाश आनंद को प्रदेश में अहम भूमिका दी जाएगी।

# यूपी में 29 मार्च से एक अप्रैल तक बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताते हुए एलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च की देर शाम या रात से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 30 मार्च को चरम पर रहेगा और 1 अप्रैल तक जारी रह सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा और गरज-चमक का प्रभाव देखने को मिलेगा। 1 अप्रैल को पश्चिमी यूपी में मौसम साफ होने लगेगा, जबकि पूर्वी यूपी के कुछ क्षेत्रों में हल्की



■ आईएमडी ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई

बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने 29 से 31 मार्च के बीच कई जिलों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी दी है। कुछ स्थानों पर हवा की गति झोंकों में 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। 29 मार्च तक अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जबकि इसके बाद 31 मार्च तक इतनी ही गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इसके बाद फिर तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि पकी हुई फसलों की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थानों पर रखें।

## कुछ फाइलों को दबाने के लिए दुनिया के सामने युद्ध का सहारा

वाराणसी, वार्ता



कांग्रेस नेता सांसद नासिर हुसैन केन्द्र पर बरसे

कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने अंतर्राष्ट्रीय हालात और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध जैसे हालात के पीछे कुछ महत्वपूर्ण फाइलों को दबाने की मंशा हो सकती है।

शनिवार को काशी पहुंचे नासिर हुसैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से पांडेयपुर स्थित एक होटल में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात. चीत में केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। ईरान, इजरायल और अमे. रिका के बीच बढ़ते तनाव पर अंतर्राष्ट्रीय और सोशल मीडिया की बहस से प्रतीत होता है कि कुछ खास फाइलों को दबाने के लिए युद्ध का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल से इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष की कोई ठोस पूर्व तैयारी नहीं दिखती और इसे अचानक शुरू किया गया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी देश इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन भी इस मामले में पूरी तरह साथ नहीं दे रहे हैं। नासिर हुसैन ने देश में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और पेट्रोल-डीजल के लिए लग रही लंबी कतारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश ईंधन आयात करता है, फिर भी भविष्य के संकट से निपटने की ठोस तैयारी नहीं की गई है।

### मुख्य अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी

# अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री नाराज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारी रहे अनुपस्थित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान अफसरों की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हुए थे। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर से दिशा निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन कन्नौज में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई देरी ने प्रशासनिक कार्यशैली और समयबद्धता पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

योगी सरकार में मंत्री असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। अंततः स्थिति में सुधार न होते देख उन्हें कार्यक्रम स्थल से वापस लौटना पड़ा। इस घटना को लेकर मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा है कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष या पद के अपमान का नहीं, बल्कि कार्य-संस्कृति में व्याप्त लाप. रवाही का प्रतीक है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मुख्य अतिथि कोई आम नागरिक होता, तो क्या इस देरी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता। क्या हर नागरिक के समय का मूल्य समान नहीं है? क्या पद पर बैठे लोगों को दूसरों का समय नष्ट करने का नैतिक अधिकार है। हालांकि घटना के बाद जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से मिलकर माफी मांगने और लिखित रूप में खेद व्यक्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य अतिथि ने अपने समर्थकों और सहयोगियों से किसी प्रकार के प्रदर्शन या आंदोलन से बचने की अपील की और कहा कि इस घटना को एक सीख के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो कार्य-संस्कृति में व्याप्त अधकच्चेपन और लाप. रवाही को तत्काल समाप्त करना होगा। समयबद्धता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।

### समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है

जापान, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है, जिसे भारत में भी अपनाने की आवश्यकता है। असीम अरुण ने देश के नेतृत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता समयबद्धता और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर इस सांस्कृतिक बदलाव को जमीन पर उतारा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश बनने की पहली शर्त विकसित नागरिक बनना है और इसके लिए व्यक्तिगत व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार आवश्यक है। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि 'लेट-लतीफी' जैसी आदतें न केवल व्यक्तिगत असुविधा का कारण बनती हैं, बल्कि देश के विकास की गति को भी प्रभावित करती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74207.24

निफ्टी 23002.15



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 बनेगा नया मानक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर किया

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट्स में शामिल होने जा रहा है। यहां निर्मित टर्मिनल-1 न केवल आकार और क्षमता के लिहाज से बड़ा है, बल्कि तकनीकी नवाचार और यात्री सुविधाओं के मामले में भी नया मानक स्थापित करेगा।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एलसी3 (चूना-मिट्टी-सीमेंट मिश्रण) तकनीक से किया गया है। यह लो-कार्बन निर्माण सामग्री पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव डालती है, जिससे यह परियोजना इको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उदाहरण बनती है।करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैले टर्मिनल-1 में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को तेज और सहज अनुभव मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ 9.9 इमिग्रेशन काउंटर उपलब्ध रहेंगे, जिससे समय की बचत और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। घरेलू उड़ानों के लिए 10 एयरोब्रिज और 2 बस बोर्डिंग गेट की व्यवस्था की गई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 2 एयरोब्रिज और एक बस बोर्डिंग गेट उपलब्ध होंगे। यह विभाजन संचालन को व्यवस्थित और कुशल बनाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा न हो। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रति घंटे लगभग 30 विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग की क्षमता के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा एयरपोर्ट की वार्षिक कार्गो हैंडलिग क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित की गई है, जो इसे एक मजबूत लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी।

## ई-सिगरेट तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, 2,073 प्रतिबंधित यूनिट्स जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी कार्य बल (एएनटीई) ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 2,073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिनकी भारतीय बाजार में कीमत 27 लाख रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जांच 25 मार्च को तब शुरू हुई जब एक अधिकारी को दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में एक पान की दुकान पर ई-सिगरेट की अवैध बिक्री और भंडारण के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राहुल अलवाल ने बताया, ष्एक टीम ने वहां छापा मारा, जहां उन्हें दुकान के प्रबंधक विकास (33) के पास से 53 ई-सिगरेट मिलीं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करते हुए टीम ने दुकान के 25 वर्षीय मालिक ऋत्विक बहल को उसके ग्रेटर कैलाश स्थित घर से पकड़ा, जहां से 20 और ई-सिगरेट बरामद की गईं। डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने आपूर्तिकर्ता हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय जीशान उर्फ जस्सू के बारे में बताया। पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची, जहां 20 कार्टन में पैक की गई 2,000 यूनिट्स जब्त की गईं।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 10 रुपये गिरकर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 15 रुपये सस्ता हुआ और 2,797 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 160 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल 90 रुपये और उड़द दाल 56 रुपये सस्ती हुई। चना दाल का भाव 47 रुपये और मूंग दाल का 24 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 221 रुपये फिसल गई। मूंगफली तेल 193 रुपये और वनस्पति 102 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 79 रुपये और सरसों तेल में सात रुपये की गिरावट देखी गई। सोया तेल 49 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी 17 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7708.92 रुपये, मसूर काली 8050.33 रुपये, मूंग दाल 10173.12 रुपये, उड़द दाल 10787.15 रुपये, तुअर दाल 11168.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपये और चावल 3852.10 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.78 रुपये और गुड़ 4991.02 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17656.22 रुपये, मूंगफली तेल 18698.00 रुपये, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपये, सोया तेल 14527.26 रुपये, पाम ऑयल 13241.65 रुपये और वनस्पति 14690.16 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मत्स्य कोष को 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर की अतिरिक्त सहायता

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया ने विश्व व्यापार सगठन (डब्ल्यूटीओ) के मत्स्य कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान किया है। यह जानकारी डब्ल्यूटीओ की आधिकारिक वेबवाइट पर एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, आस्ट्रेलिया की सरकार ने डब्ल्यूटीओ फिश फंड (मत्स्य पालन वित्तपोषण तंत्र) में 20 लाख अस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसका उद्देश्य विकासशील और सबसे कम विक. सित सदस्य देशों को 'मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते' को लागू करने में सहायता प्रदान करना है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले मई 2023 में इस कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डालर का योगदान किया था। डब्ल्यूटीओ के 2022 के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य उद्योग-व्यापार पर एक आंशिक समझौता अपनाया गया था, जिसमें गैर-कानूनी, बेहिंसाब और अनियमित मछली पकड़ने पर सब्सिडी पर रोक लगाने का प्रावधान है। इसमें किसी एक समुद्री क्षेत्र से मछली पकड़ने की अतिशय क्रियाओं का आंशिक समाधान भी शामिल है। क्षमता से अधिक गतिविधियों और जरूरत से ज्यादा मछली पकड़ने से जुड़ी सब्सिडी पर बातचीत अभी भी चल रही है, जहां भारत अपने छोटे मछआरों के हितों को लेकर चिंतित है। भारत का कहना है कि विकासशील देशों को उस समस्या के लिए सजा न दी जाए, जिसे ज्यादातर विकसित देशों ने पैदा किया है। भारत चाहता है कि सभी देशों को एक पलड़े पर तौलने की बजाय और 'सबके लिए एक जैसा' प्रतिबंध लगाने की बजाय जिम्मेदारी से मछली पकड़ने का कारोबार करने वाले देशों के साथ निष्पक्षता के साथ व्यवहार किया जाए, सब्सिडी हटाने के लिए विकासशील देशों के लिए समय-सीमा लम्बी रखी जाए और संवेदनशील मछुआरा समुदायों के लिए सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएं।

# न्यायपालिका पर 'सेटिंग' का आरोप लगाने के लिए माफी मांगें रेखा गुप्ता: आप

नई दिल्ली, वार्ता

■ अदालत में भाजपा के झूठे षड़यंत्र का नकाब उतर गया

आम आदमी पार्टी ने न्यायपालिका के लिए 'सेटिंग' जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को देश से माफी मांगने की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता राखी बिडलान ने कहा कि देशवासियों को भारतीय न्यायपालिका पर अटूट विश्वास है और श्रीमती गुप्ता ने 'सेटिंग' का आरोप लगाकर इस विश्वास का कत्ल किया है। जब अदालत में भाजपा के झूठे षड्यंत्र का नकाब उतर गया तो बौखलाहट में वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गुप्ता मुख्यमंत्री पद के योग्य नहीं हैं, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं से सेटिग के चलते वह मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या भाजपा मुख्यमंत्री के बयान से सहमत है और क्या अदालत से सेटिग कर आप नेताओं के खिलाफ फैसले कराए गए? उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक संवैधानिक पद को संभालते हुए अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बात कही और देश की न्यायपालिका तथा सीबीआई की विशेष अदालत के खिलाफ 'सेटिंग' जैसे शब्द का प्रयोग किया, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। न्यायपालिका के संदर्भ में इस शब्द का प्रयोग करने के लिए मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। देश की न्यायपालिका पर 140 करोड़ लोगों का अटूट विश्वास है। भारत की न्यायपालिका बहुत ही गहनता और बारीकी के साथ हर एक मामले पर विचार-विमर्श करके अपना फैसला सुनाती है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं, लेकिन उनमें से श्रीमती गुप्ता को ही मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। उनके पास तीन या चार बार विधायक होने का कोई अनुभव नहीं है। पार्षद रहते हुए भी उन्होंने कोई ऐसा ऐतिहा. सिक काम नहीं किया, जिससे उन्हें दिल्ली- एनसीआर या देश में भारी लोकप्रियता मिली हो। वे भाजपा के किसी शीर्ष पद पर भी आसीन नहीं थीं। इसका सीधा मतलब है कि भाजपा में उनकी पूर्ण रूप से सेटिग थी। इसी वजह से इतने वरिष्ठ नेताओं को पीछे छोड़कर उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने श्रीमती गुप्ता समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य पदाधिकारियों से पूछा कि क्या वे अपनी मुख्यमंत्री द्वारा न्यायपालिका के प्रति इस्तेमाल किए गए इस हल्के शब्द से सहमत हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज तक भाजपा के लोग न्यायाधीशों के साथ सेटिंग करके ही आप जैसे मजबूत विपक्षी दल के नेताओं पर मुकदमे दर्ज करवाते आए हैं और उनके खिलाफ फैसले दिलाते आए हैं या फिर सेटिग करके ही श्रीमती गुप्ता जैसी अनुभवहीन महिला को मुख्यमंत्री पद पर बैठाते आए हैं?

## अप्रैल में बिजली उपभोक्ताओं पर फिर बढ़ेगा बोझ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अप्रैल माह में एक बार फिर झटका लगने के आसार हैं।

ईंधन अधिभार शुल्क (फ्यूल सरचार्ज) में 2.14 प्रतिशत की वृद्धि के चलते प्रदेश के उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मार्च में ईंधन अधिभार शुल्क में 2. 42 प्रतिशत की कमी की गई थी, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये की राहत मिली थी, हालांकि अब अप्रैल में यह राहत खत्म होती दिख रही है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क को



अप्रैल 2026 के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा, जिसकी दर 2.14 प्रतिशत तय की गई है। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उपभोक्ता परिषद ने ईंधन अधिभार वसूली के फार्मूले पर सवाल उठाते हुए विद्युत नियामक आयोग से इसकी जांच कराने की मांग की है। परिषद का कहना है कि फरवरी माह में उपभोक्ताओं से अधिक वसूली और औसत बिलिग दर के आधार पर की गई वसूली के मामलों को लेकर उसकी लड़ाई जारी है। वर्मा ने दावा किया कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस है।

# अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, पेन पिस्टल मैगजीन और हथियार बनाने के उपकरणों का बड़ा जखीरा बरामद किया है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि हेड कांस्टेबल सिद्धार्थ को मेरठ से दिल्ली में अवैध हथियारों की बड़ी खेप की सप्लाई के संबंध में विशेष खुफिया जानकारी मिली थी। इस सूचना पर हथियारों के एक सप्लायर हासिर उर्फ घ्घ्श्शूटरश (25) को बादली रेलवे स्टेशन के पास से धर दबोचा गया था।उसकी तलाशी लेने पर, दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल , एक पेन पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए।इसके बाद आरोपी हासिर को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि वह ये अवैध हथियार परवेज उर्फ फर्र (37) से खरीद रहा था, जो उत्तर प्रदेश के मेरठ का रहने वाला है। इसके बाद एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में टीम ने 26 मार्च को मेरठ में परवेज / फर्रू के घर पर छापा मारा। पुलिस की मौजूदगी देखते ही, आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस टीम द्वारा थोड़ी दूर तक पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया।पुलिस ने उसके पास से 24 अवैध पेन पिस्टल 78 मैगजीन , 03 बैरल, 03 पिस्टल स्लाइड, 03 पिस्टल बॉडी, विभिन्न छोटे हथियार के पुर्जे (स्प्रिंग, फायरिंग पिन, आदि) बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी और औजार, जिसमें एक ड्रिल मशीन भी शामिल थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी परवेज / फर्रू को पहली बार लगभग 18 साल पहले अवैध हथियारों से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद, उसने अपने साथियों समीर / मेंढक और रिहान के साथ मिलकर अवैध हथियारों का निर्माण शुरू कर दिया। लगभग 12 साल पहले मेरठ पुलिस द्वारा अवैध हथियार निर्माण के एक मामले में गिरफ्तार किया गया। 2017 में एनआईए द्वारा यूएपिए के तहत अपने साथी पहार सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## क्रॉनिक डायरिया की सही पहचान होगी अब आसान टेस्ट से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लंबे समय से दस्त (क्रोनिक डायरिया) अब एक साधारण मल (स्टूल) टेस्ट से बीमारी का पता लगाया जा सकेगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। डॉ. गोविंद के. मखारिया के नेतृत्व में अध्ययन किया गया, जो इंडियन जर्नल ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में सामने आया है कि बाइल एसिड मालएब्जॉर्प्शन (बीएएम) का पता अब आसान तरीके से लगाया जा सकता है। यह पित्त अम्ल कुअवशोषण एक पाचन संबंधी विकार है, जो पुराने दस्त का एक आम लेकिन अक्सर अनजाना कारण है। अब तक बीएएम की जांच के लिए जो टेस्ट उपलब्ध थे, वे काफी जटिल थे। नए शोध में मल के एक ही सैंपल में बाइल एसिड (एफबीए) की मात्रा मापी जाती है। इसके लिए एंजाइम आधारित स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री तकनीक का इस्तेमाल किया गया। अध्ययन में पाया गया कि यदि एफबीए का स्तर 2.8 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम या उससे अधिक होता है, तो बीएएम की पहचान काफी सटीक तरीके से की जा सकती है। इस टेस्ट की संवेदनशीलता 89.5 प्रतिशत और विशिष्टता 92 प्रतिशत पाई गई।

डायरिया-प्रधान इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) और फंक्शनल डायरिया से पीड़ित मरीजों में लगभग 21 प्रतिशत मामलों में बीएएम पाया गया। वहीं, जिन मरीजों की पित्ताशय (गॉलब्लैडर) की सर्जरी हो चुकी थी, उनमें यह समस्या 57 प्रतिशत तक पाई गई। आंतों के तपेदिक से ग्रस्त मरीजों में भी 54.5 प्रतिशत मामलों में बीएएम की पुष्टि हुई ।

# अवैध ई-सिगरेट तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध ई-सिगरेट तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 27 लाख रुपये से ज्यादा की कीमत वाली कई ब्रांडों की 2073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) राहुल अलवल ने बताया कि 25.मार्च को, हेड कांस्टेबल रामकेश को एक गुप्त सूचना मिली कि सीआर पार्क में स्थित एक पान की दुकान पर प्रतिबंधित ई-सिगरेट की अवैध बिक्री और भंडारण किया जा रहा है।इस सूचना के मिलते ही एसीपी सतेंद्र मोहन की देखरेख में इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने उक्त पान की दुकान पर छापा मारा गया, जिसे उसके मैनेजर विकास (33) द्वारा चलाया जा रहा था। उक्त पान की दुकान की तलाशी के दौरान कुल 53 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की गईं। पूछताछ के दौरान, मैनेजर विकास ने बताया कि यह दुकान ऋत्विक बहल (25) नामक व्यक्ति की है।

इसके बाद, ऋत्विक बहल के घर पर छापा मारकर तलाशी के दौरान 20 और प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की गईं। इस तरह, दोनों जगहों से कुल 73 ई-सिगरेट बरामद की गई हैं। पुलिस पूछताछ के दौरान,ऋत्विक बहल ने अपने सप्लायर की पहचान जीशान उर्फ जस्सू (24) के रूप में बताई, जो बल्लभगढ़, हरियाणा का रहने वाला है। उसने यह भी कबूल किया कि वह पिछले दो सालों से ई-सिगरेट के अवैध व्यापार में सक्रिय रूप से शामिल था, जिसका मकसद आसान आर्थिक लाभ कमाना और युवाओं के बीच बढ़ती माँग का फायदा उठाना था। उसके खुलासे पर कार्रवाई करते हुए, जीशान उर्फ जस्सू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि ई-सिगरेट की एक बड़ी खेप बल्लभगढ़, हरियाणा में लक्ष्मण नगर स्थित उसके घर में रखी हुई थी। उस जगह पर छापा मारने पर 20 कार्टन बरामद हुए, जिनमें से हर एक में 100 ई-सिगरेट थीं, इस तरह कुल 2000 यूनिट बरामद हुईं। उसने आगे बताया कि वह ई-सिगरेट 800-900 रूपये प्रति पीस के हिसाब से खरीदता था और उन्हें 50-100 रूपये के मुनाफे पर आगे बेच देता था, जबकि खुदरा विक्रेता उन्हें अंतिम उपयोगकर्ताओं को 150-200 रूपये प्रति यूनिट के अतिरिक्त मुनाफे पर बेचते थे।

# 80 करोड़ के आवंटन से बुनियादी सुविधाओं को मिलेगा विस्तार : रविन्द्र इंद्राज सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा एससी/एसटी बस्तियों की सुधार योजना हेतु 80 करोड़ रुपए के महत्वपूर्ण आवंटन पर समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय राजधानी के सामाजिक एवं आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आज शाहबाद डेयरी वार्ड स्थित महाराणा प्रताप चौक में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गली-नाली विकास कार्यों का शिलान्यास तथा रेडी मिक्स कंक्रीट सड़कों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि हर नागरिक को सम्मानजनक और सुविधाजनक जीवन प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत एससी/ एसटी बस्तियों में पक्की सड़कों का निर्माण, सुदृढ़ सीवर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, नालियों का निर्माण एवं सुधार, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का तेजी से विकास किया जाएगा। इससे इन क्षेत्रों की जीवन गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा और ये बस्तियां भी अन्य विकसित कॉलोनियों के समान सुविधायुक्त बनेंगी।कार्यक्रम के अंतर्गत जे.जे. क्लस्टर, डी-ब्लॉक, शाहबाद दौलतपुर (डेयरी) से रोहिणी सेक्टर-25 तथा प्रहलाद विहार कॉलोनी मेन रोड से शाहबाद डेयरी तक के मार्गों के विकास कार्यों की भी शुरुआत की गई। इन परियोजनाओं से न केवल स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की समग्र कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।उन्होंने यह भी आश्वा. सन दिया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएंगे, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



शाहबाद डेयरी वार्ड स्थित महाराणा प्रताप चौक में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गली-नाली विकास कार्यों का शिलान्यास करते पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह।

## एक नजर

### प्रो.जतिंदर सिंह भल्ला को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नेत्र रोग विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जतिंदर सिंह भल्ला को प्रतिष्ठित ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी कॉन्फ्रेंस 2026 में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'सीनियर अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पद्मश्री प्रो. जे.एस. तितियाल द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें उनके क्लिनिकल उत्कृष्टता, शैक्षणिक नेतृत्व और स्किल ट्रांसफर पहलों को विशेष रूप से सराहा गया। सम्मेलन के दौरान प्रो. (डॉ.) भल्ला ने अपनी बहुआयामी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करते हुए स्पीकर, जज, पैनलिस्ट, मॉडरेटर, इंस्ट्रक्टर और को-इंस्ट्रक्टर के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने (डायग्नोस्टिक स्किल ट्रांसफर कोर्सेस) के कन्वीनर के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। उनका यह योगदान नेत्र चिकित्सा शिक्षा को आगे बढ़ाने और चिकित्सकों की क्लिनिकल दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### नारी अस्मिता व राष्ट्र की गरिमा: प्रो. गीता सिंह



**नई दिल्ली।** लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक महान अधिकार है। किसी भी सरकार, नेता या सार्वजनिक व्यक्ति की आला. ेचना करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक और आवश्यक हिस्सा है। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। जब सार्वजनिक जीवन के किसी व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं। प्रो. गीता सिंह ने कहा कि हाल के समय में लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता मधु किश्वर द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में लगाए गए आरोपों ने सार्वजनिक विमर्श में अनेक प्रश्न खड़े कर दिए हैं। लोकतंत्र में किसी को भी प्रश्न उठाने का अधिकार है, किंतु जब आरोप अत्यंत गंभीर हों और उनके समर्थन में ठोस प्रमाण न हों, तब वह आलोचना नहीं बल्कि अनावश्यक विवाद और भ्रम का कारण बन जाते हैं।

### अरविंद केजरीवाल पर लगाया 'विकटिम कार्ड' खेलने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल अब अपने विकटिम कार्ड खेलने की ओछी राजनीति पर वापस आ गये हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की भारत में सी.बी.आई. या सभी जांच ऐजेनसी जांच करने को एवं जांच अनुसार न्यायालय में मुकदमा डालने को स्वतंत्र हैं और साथ ही भारत के सभी न्यायालय एवं न्यायधीश भी निष्पक्ष अपने विवेक से निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं पर अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी के उनके सहयोगियों को यह समझना होगा की जांच ऐजेनसी को यदि अपने साक्ष्यों पर भरोसा है तो वह निचली अदालत के निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकती है और हर उच्च न्यायालय अपने से निचली अदालत के फैसले को पलटने को स्वतंत्र रहते हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अरविंद केजरीवाल की मुश्किल यह है की वह न्यायालय, न्यायधीश या न्याय प्रक्रिया का सम्मान नही करते वह केवल अपने पक्ष में आये फैसले को ही न्याय मानते हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की बेहतर होता षविकटिम कार्डष खेलने की जल्दी में बोलने से पहले अरविंद केजरीवाल खुद केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का टी.वी. वक्तव्य ध्यान से सुन लेते। उन्होंने षविकटिम कार्डष खेलने की जल्दी में खुद को हास्य का पात्र बना लिया है।

### आंध्र प्रदेश से दिल्ली आ रहे विमान की आईजीआई पर आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** आईजीआई हवाई अड्डे पर शनिवार को एक विमान की आपातकालीन लैंडिंग की गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग को सुबह 10:53 बजे सूचना मिली थी। विभाग का कहना है कि विमान को सुरक्षित उतारा गया है। दिल्ली पुलिस का कहना है, श्इंडिगो का एक विमान विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से दिल्ली आ रहा था, तभी उसमें इंजन फेल होने जैसी स्थिति आ गई। विमान आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से लैंड हो गया।

### पश्चिमी विक्षोभ से बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** मार्च के ढलान के साथ ही गर्मी बढ़ रही है। हालांकि, बीच-बीच में बारिश से मौसम बदल जाती है। इसी क्रम में शनिवार को तेज धूप की वजह से हल्की गर्मी महसूस हुई। ऐसे में शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, 24 घंटे में जिले में 0.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। 29 मार्च से मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश की संभावना बन रही है।

## अस्पताल में गंदगी से मरीज परेशान

**नई दिल्ली।** स्वामी दयानंद अस्पताल में कुप्रबंधन और गंदगी ने मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अस्पताल के वार्डों से लेकर लिफ्ट और टॉयलेट तक गंदगी का आलम है, जिससे मरीजों में संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है। इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लोग यहां की अव्यवस्था और प्रशासनिक लाप. रवाही से जूझने को मजबूर हैं।

परिजनों का आरोप है कि वार्डों में नियमित सफाई नहीं होती और कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। लिफ्ट में छाई दुर्गंध और टॉयलेट की बदतर स्थिति ने जीना मुहाल कर दिया है। बार-बार शिकायत के बावजूद अस्पताल प्रशासन सोया हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर नियमित निगरानी की जरूरत है, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज और सुरक्षित माहौल मिल सके।

# 26वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चैंपियनशिप संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी द्वारा 24 से 28 मार्च, तक आयोजित 26वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस चौंपियनशिप 2025-26 का आर.के. खन्ना स्टेडियम में भव्य समापन समारोह का समापन हुआ।

इस अवसर पर खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके अलावा समारोह में आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, अतिरिक्त महानिदेशक (मुख्यालय) संजय गुंज्याल तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्री डेका ने सभी पदक विजेताओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी तथा चैंपियनशिप के उत्कृष्ट आयोजन हेतु आईटीबीपी की सराहना की। आईटीबीपी के महा. निदेशक शत्रुजीत कपूर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया उन्होंने खेलों के प्रोत्साहन के प्रति बल की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे अखिल भारतीय पुलिस खेल आयोजनों का सफल आयोजन किया जाता रहेगा। त

पन कुमार डेका ने कहा कि आईटीबीपी, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड, विभिन्न राज्य पुलिस बलों एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से आए प्रतिभागियों तथा निर्णायकों को चौंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन उभरती प्रतिभाओं की पहचान एवं उनके संवर्धन में सहायक सिद्ध होते हैं, जो भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने पुलिस बलों की लॉन टेनिस में समृद्ध परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि यह चैंपियनशिप खिलाडियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे खेल आयोजन देश के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं तथा अनुशासन एवं उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। पुलिस बलों की बहुआयामी भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में राष्ट्र की सेवा हेतु उनके समर्पण की सराहना की।

# आईएफएफडी 2026 की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** आईएफएफडी 2026 ने राजधानी दिल्ली में दमदार आगाज किया है। हाउसफुल शो, लंबी कतारें और बड़ी संख्या में उमड़ते दर्शकों ने फेस्टिवल के शुरुआती दिनों को एक बड़े उत्सव में तब्दील कर दिया है। फेस्टिवल का उद्घाटन कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ था, जिनमें माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, डीटीटीडीसी के एमडी एवं सीईओ सुनील अंचीपाका और फेस्टिवल डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा शामिल थे। दिल्ली सरकार की फिल्म नीति के तहत शुरू किया गया यह फेस्टिवल सिनेमा, इंडस्ट्री संवाद और वैश्विक कहानी कहने का एक बड़ा मंच बनकर सामने आया है। शुरुआत से ही फेस्टिवल को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऑडिटोरियम पूरी तरह भरे रहे, रेड कार्पेट पर लगातार भीड़ उमड़ती रही और फेस्टिवल स्थल पर दर्शकों, फिल्म निर्माताओं और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की उपस्थिति लगातार बनी हुई हैं। फिल्मों की स्क्रीनिंग ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। 'संक्रांति की वस्तुनम', 'भगवंत केसरी' और 'मेय्याझगन' जैसी फिल्मों के गाला प्रीमियर हाउसफुल रहे। जबकि 'सितारे जमीन पर' की स्क्रीनिंग के बाद युवा दर्शकों ने फिल्म निर्माताओं से सीधे संवाद किया।



पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली के तहत भारत मंडपम में प्रदर्शनी के जरिये भारतीय सिनेमा के सफर का दर्शन करते हुए।

# 'सखी सहयोग' का वार्षिक उत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'सखी सहयोग' संस्था ने वसुंधरा के सेक्टर 16 मे स्थित क्रिस्टल बैंक्वेट में 28 मार्च को वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया।



यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, प्रतिभा और आत्मविश्वास का सुंदर प्रदर्शन बनकर उभरा स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वंदना सोनी, दीपमाला चौधरी, डॉ. शोभा कुलश्रेष्ठ तथा शिल्पा चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से छोटे बच्चों और स्लम क्षेत्र के बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने सभी के दिलों को छू लिया, उनके चेहरों पर खिली मासूम मुस्कान और आत्मविश्वास ने हर किसी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर मनोरंजक और ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया,जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।

# पर्यटन मंत्री ने देखा दिल्लीवासियों के साथ भारतीय सिनेमा का शानदार सफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली (आईएफएफडी) के तहत भारत मंडपम में दिल्लीवासियों के साथ प्रदर्शनी में शुरुआत से अब तक के भारतीय सिनेमा के शानदार सफर को देखा।

प्रदर्शनी में सिनेमा प्रेमियों, शोधकर्ताओं और कलाकारों ने भारतीय व वैश्विक सिनेमा के इतिहास को करीब से जाना। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी भारतीय फिल्मों के सफर के अलावा पूरी दुनिया में उनकी लोक. प्रियता और सॉफ्ट पॉवर के रूप में भारत के प्रभाव को भी प्रदर्शित करती है। कला-संग्राहक टीआरआईएस के नेविल तुली ने इस प्रदर्शनी में सिनेमा की कई पीढ़ियों के महान कलाकारों को एक साथ प्रस्तुत करने और भारतीय एवं वैश्विक सिनेमा के विकास के साथ क्लासिक दौर से लेकर आधुनिक सिनेमा तक की चुनौतियों और सफलताओं की जानकारी दी।

प्रदर्शनी में 12 अलग-अलग थीम आधारित सेक्शन शामिल हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि यह प्रदर्शनी दिल्ली को वैश्विक सिनेमा और सांस्कृतिक शोध के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रदर्शनी सिनेमा, शिक्षा और संस्कृति का संगम है, भारत और विश्व सिनेमा के बीच संवाद को भी सशक्त बनाती है। इस अवसर पर फिल्म फेस्टिवल में आये हुए दर्शकों व छात्रों से पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया व सुझाव भी जाने। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दिल्ली में आयोजित आईएफएफडी अपने चरम पर है और देशभर से युवा प्रतिभाओं, फिल्मकारों और इंडस्ट्री से जुड़े दिग्गजों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। कपिल मिश्रा ने कहा कि यह फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि देशभर के टैलेंट को एक मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के दौरान मास्टरक्लासेस, वर्कशॉप्स और स्क्रिप्ट पिचिंग सेशंस का सफल आयोजन हो रहा है, जिसमें युवाओं और सिने प्रेमियों को अवसर मिल रहे हैं। जो फेस्टिवल की उपलब्धि है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि दिल्ली अब केवल प्रशासनिक राजधानी नहीं, बल्कि क्रिएटिव और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का उभरता हुआ केंद्र भी बन रही है।

फेस्टिवल के आगामी कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 30 मार्च को आयोजित होने वाली विशेष संध्या में अंतरराष्ट्रीय संगीतकार रिकी केज की लाइव परफॉर्मेंस आकर्षण का केंद्र होगी। इसके साथ ही "नाइट ऑफ ऑनर्स" में इस पहले फिल्म फेस्टिवल की उपलब्धियों को साझा किया जाएगा। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और प्रसार भारती के सहयोग से राजधानी को एक आधुनिक मीडिया और टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करेगी।

# दर्जनों मामलों में शामिल चोर को रंगे हाथ पकड़ा

**प्रीत विहार थाने के स्टाफ ने**


**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के प्रीत विहार थाने के स्टाफ ने एक आदतन चोर को रंगे हाथ पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपी 35 से अधिक मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 25.मार्च को शिकायतकर्ता ने अपने निवास पर ,पाया कि अंदर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और घर का सामान गायब था।

इसी दौरान उसने अपनी बाल. कनी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को हरे रंग का थैला (कट्टा) ले जाते हुए देखा। देखे जाने पर, संदिग्ध ने भागने की कोशिश की। बीट स्टाफ और आम जनता की तत्काल सहायता से, संदिग्ध का पीछा किया गया और उसे विकास मार्ग, ककरकारी मोड़ के पास पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान सोहन कालिया (30) के रूप में हुई।उसके पास मौजूद थैले की तलाशी लेने पर, चोरी का कई घरेलू सामान बरामद हुआ।

इसके बाद प्रीत विहार थाने के अंतर्गत मामला दर्ज कर एसीपी प्रीत विहार की देखरेख में एसएचओ प्रीत विहार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि कुछ और सामान भी चोरी हुआ है, जिसमें ज्वेलरी सेट, कैमरा , बैटरी वाला इन्वर्टर, बाथरूम फिटिंग, और तांबे व पीतल के बर्तन शामिल हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा आवासीय एवं व्यापारिक संपत्तियों पर हाउस टैक्स में लगभग 300% तक की वृद्धि किए जाने के विरोध में, जिसे नगर निगम बोर्ड द्वारा निरस्त किया जा चुका है, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा बढ़े हुए दरों के बिल भेजे जाना जनता का शोषण बताया गया है।

नगर निगम की मेयर द्वारा बार-बार समाचार पत्रों के माध्यम से हाउस टैक्स कम किए जाने का आश्वासन दिया जाता रहा, किन्तु आज तक इसे व्यवहार में लागू नहीं किया गया है और अब भी नए बढ़े हुए दरों पर ही बिल लगातार भेजे जा रहे हैं। महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने इस विषय पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कई बार वार्ता, ज्ञापन एवं अन्य प्रयास किए, किन्तु




अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

इसी के विरोध में, महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने निर्णय लिया है कि घंटाघर शहीद भगत सिंह चौक के सामने अनिश्चितकालीन, शांतिपूर्ण धरना आयोजित किया जाएगा। यह धरना अध्यक्ष गोपीचंद के नेतृत्व में संचालित होगा और तब तक जारी रहेगा जब तक हाउस टैक्स को विधिवत रूप से कम कर संशोधित बिल जारी नहीं किए जाते।

व्यापार मंडल ने सभी व्यापारी संगठनों, नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं से इस आंदोलन में शामिल होकर समर्थन देने की अपील की है। धरने के पहले दिन महानगर अध्यक्ष गोपीचंद महानगर महामंत्री अशोक चावला, चौयरमैन बृजमोहन सिंगल, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुनील गोयल, जिला महामंत्री राजदेव त्यागी, सिहानी गेट व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग, नवयुग व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप गर्ग, रमते राम रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश स्वामी, गोल मार्केट घंटाघर अध्यक्ष राकेश बवेजा, गांधीनगर व्यापार मंडल महामंत्री हितेंद्र शर्मा, प्रदीप बंसल, स. मुखविंदर सिंह भाटिया, सेक्टर 23 व्यापार मंडल से चौयरमैन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष व युवा नगर अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री डॉ. हरीश शर्मा, टायर संगठन से पुरान चंद शर्मा, अनित मदान, वसीम अली, मुंशीर भाई ,पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी, विपिन सिंगल, पंडित राजकुमार, रजनीश वर्मा, राजा त्यागी आशीष त्यागी, संजीव त्यागी, विकास अग्रवाल, अमित बंसल जयदीप, भारत यादव, कुलदीप वालिया, अशोक बजाज, सिहानी गेट से संजय अग्रवाल, हर्ष बत्रा, मशीनरी मार्केट से अध्यक्ष सुनील गुप्ता, महामंत्री सुरेंद्र चांदना, कोषाध्यक्ष चरणजीत सहगल आदि बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित हुए।

## आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजा टूटकर गिरा, तीन बच्चे घायल



**मोदीनगर।** गांव मानकी में आगनबाड़ी केंद्र का शनिवार को दरवाजा टूट गया। जिसकी चपेट में आने से तीन बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दो बच्चों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बच्चे दरवाजे पर खड़े होकर खेल रहे थे।




इसी बीच दरवाजा गिर गया। घायल बच्चों की पहचान मानकी गांव के 4 वर्षीय फैजान, 3 वर्षीय जसिया व 2 वर्षीय जैद के रूप में हुई है।

## चेयरमैन ने ओलम्पिक पदक विजेता सिमरन शर्मा को अधिकारी बनने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाशाली पैरा एथलीट एवं अर्जुन अवार्डी सिमरन शर्मा को जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर नियुक्त किए जाने पर नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन श्री विनोद वैशाली ने बुके भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उनके सम्मान में सिमरन शर्मा के नाम से एक सड़क का उद्घाटन भी उनके ही करकमलों द्वारा कराया गया।



विनोद वैशाली ने कहा की सिमरन शर्मा की यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र अपितु पूरे देश के लिए गौरव का विषय है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी है। उनकी मेहनत, संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर सभासद मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम, कोच श्री गजेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, नवनीत कुमार, राजकुमार सिंह, राजकुमार फौजी, अरुण कुमार, पवन कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज में नेशनल ट्रिपल-'ओ' सिम्पोजियम का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग के द्वारा 23वें नेशनल ट्रिपल-'ओ' सिम्पोजियम ऑफ इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी (IAOMP) का उद्घाटन समारोह आयोजन किया गया।




इस तीन दिवसीय सिम्पोजियम में देशभर के विभिन्न डेन्टल कॉलेजों से 500 से अधिक एम.डी.एस के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी. तथा दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। सम्मेलन की शुरुआत में प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स से हुई, जिसमें डॉ हेमंत माथुर, डॉ शक्ति देआरा, डॉ अंबिका गुप्ता, डॉ हरनीत सिंह, डॉ अरूणकुमार के.वी, डॉ सुमित मल्होत्रा, डॉ अमित गुप्ता, डॉ अविरल वर्मा एवं डॉ गीता शर्मा द्वारा विभिन्न नवीन विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विमल अरोड़ा, पी.वी.एस.एम और ए.वी.एस.एम चीफ क्लीनिकल ऑफिसर, क्लोव डेंटल नई दिल्ली, डॉ प्रशांत शेनॉय, प्रेसिडेंट (IAOMP), डॉ नदीम जेड्डी, प्रेसिडेंट, (IAOMP) तथा आई.टी.एस-द एजुकेशन के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा और संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद, डॉ प्रशांत शेनॉय. प्रेसिडेंट (IAOMP), का कॉलरिंग डॉ अविनाश तेजस्वी, जनरल सेक्रेटरी, (IAOMP) द्वारा किया गया। तत्पष्चात डॉ अक्षय राठौड़, ऑरगेनाइजिंग चेयरमैन (IAOMP), प्रोफेसर एडं एचओडी, ओरल मेडिसिन विभाग के द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया।

इसके पश्चात आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रतिभागियों को संस्था के उद्देश्यों से अवगत करते हुए कहा कि संस्था सदैव इस प्रकार के ज्ञानवर्धक मंच आयोजित करती रही है। इसके बाद आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर.पी चड्ढा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में पीजीडीएम प्रतिभागियों के लिए मेरिट एवं प्रदर्शन पुरस्कार तथा उपस्थिति सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद द्वारा पीजीडीएम बैच (2024-26 एवं 2025-27) के विद्यार्थियों के लिए मेरिट एवं प्रदर्शन सुधार पुरस्कार तथा उपस्थिति सम्मान समारोह का आयोजन 25 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ। आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. डॉ. अजय कुमार ने सभी मेरिट एवं प्रदर्शन सुधार पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के गतिशील परिवेश में




सफलता प्राप्त करने के लिए आजीवन सीखने की प्रवृत्ति, अनुकूलन क्षमता एवं चपलता अत्यंत आवश्यक गुण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु संस्थान के प्रतिबद्धता की भी चर्चा की।

डॉ. डी के पांडेय, चेयरपर्सन (पीजीडीएम) ने कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी तथा संस्थान द्वारा प्रदान किए जा रहे इन पुरस्कारों की परिकल्पना एवं प्रेरणा स्रोत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आई टी एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा जी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। आई टी एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा जी ने इस प्रकार के आयोजन की सराहना की और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया।

इस क्रम में पीजीडीएम बैच 2024ख्26 के पंचम ट्राइमेस्टर तथा पीजीडीएम बैच 2025ख्27 के तृतीय ट्राइमेस्टर के शीर्ष 10 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मेरिट पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके साथ साथ विभिन्न विषयों में 100% उपस्थिति बनाए रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक अपनी उपलब्धियों का उत्सव मनाते हुए अत्यंत उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देने तथा भविष्य में भी इसी उत्साह, समर्पण एवं परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहने के प्रेरक संदेश के साथ हुआ।

## संतोष हॉस्पिटल में लिप क्लेफ्ट एवं क्लेफ्ट पैलेट निःशुल्क सर्जरी शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संतोष हॉस्पिटल द्वारा समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए आयोजित लिप क्लेफ्ट (फटे होंठ) एवं क्लेफ्ट पैलेट (तालु में छेद) निःशुल्क सर्जरी शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। तीन दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर में जन्मजात विकारों से पीड़ित बच्चों एवं अन्य मरीजों को उच्चस्तरीय सर्जिकल सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। यह विशेष शिविर लव विदाउट रीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान विशेषज्ञ सर्जनों एवं चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की विस्तृत जांच, परामर्श तथा आवश्यक सर्जरी की प्रक्रिया को अत्यंत सावधानी और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के साथ सम्पन्न किया। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुजैन मैथ्यूज तथा अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैंथोश मैथ्यूज की विशेष उपस्थिति और मार्गदर्शन रहा। संतोष हॉस्पिटल की ओर से मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष सभरवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज गोयल, डॉ. अपराजिता, डॉ. आकृति तथा अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पूरे समर्पण के साथ इस शिविर को सफल बनाया। सभी चिकित्सकों ने मरीजों की स्थिति के अनुसार उपयुक्त उपचार योजना तैयार कर सफल सर्जरी सुनिश्चित की। जनरल मैनेजर डॉ श्वेता चौधरी ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## भारतीय किसान यूनियन ( सर छोटूराम ) के पदाधिकारियों को किया हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी को जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कार्यक्रम में जाने से पूर्व हाउस अरेस्ट कर लिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री से किसानों व स्थानीय बेरोजगार युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु मिलने का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं दिया गया। हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर एकत्र हो गए और जेवर एयरपोर्ट की ओर कूच करने का प्रयास किया। किसानों की भूमि अधिग्रहण के बावजूद उन्हें नियम अनुसार लाभ न मिलने तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने के कारण भारी रोष देखने को मिला।

## डॉ के एन मोदी फाउंडेशन की स्पोर्ट्स मीट का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मोदीनगर थाना प्रभारी श्री आनंद प्रकाश मिश्रा जी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर किया। मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश मिश्रा ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें हार-जीत से ऊपर उठकर उत्कृष्टता हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए संदेश दिया कि हर प्रतियोगिता सीखने का अवसर होती है, इसलिए पूरे जोश और सकारात्मक सोच के साथ मैदान में उतरें, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और खेल भावना को हमेशा प्रथम स्थान दें। कार्यक्रम में उपस्थित फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा, कार्यकारी निदेशक डॉ दीपांकर शर्मा, समस्त कॉलेजों के डायरेक्टर एवं प्राचार्य, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आयोजकों ने स्पोर्ट्स मीट के सफल संचालन के लिए अपनी तैयारी प्रस्तुत की।

## सिटी अपार्टमेंट यूनिटी कप: खेल और एकता का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल एवं एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 'सिटी अपार्टमेंट यूनिटी कप 2026' के पहले दिन का शुभारंभ अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ हुआ। 'बिल्डिंग स्ट्रॉन्गर फैमिलीज बियॉन्ड क्लासरूम्स' के प्रेरणादायी विचार के साथ आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्देश्य परिवारों के बीच खेल भावना और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देना है। इस गरिमामयी अवसर पर संस्थान के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल और वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल ने सभी का मनोबल बढ़ाया। समारोह की शुरुआत भव्य स्वागत और रिबन कटिंग से हुई, जिसके बाद सिटी




अपार्टमेंट के ऑफिशियल्स, प्रिंसिपल सपना अहलावत, चीफ एडमिनिस्ट्रेटर सुभाष शर्मा एवं डायरेक्टर- एडमिशन अखिलेश वर्मा के द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर शांति और एकता का संदेश दिया गया।

राष्ट्रगान और खिलाड़ियों के शानदार मार्च पास्ट के बाद प्रथम मैच का शुभारंभ सिक्का उछाल के किया गया। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि समाज में 'एकता' की भावना को भी पुख्ता करते हैं।

डायरेक्टर अखिलेश वर्मा ने बताया की इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया है जिनमे 10 मेंस, 2 वोमेंस और 2 किड्स की टीम सम्मलित है, जो की 28 से 29 मार्च तक जारी रहेगा, जो निश्चित रूप से सभी के लिए यादगार स्मृतियाँ लेकर आएगा।

यह दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट हेड कोच रिंकु चौधरी एवं उनकी टीम की देख-रेख में होगा। इस टूर्नामेंट का प्रारंभ कराने में सिटी अपार्टमेंट्स के ऑफिशियल्स एवं स्कूल के टीचर्स का सहयोग सराहनीय रहा।


## कार्यालय: नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद।

पत्रंक: /न०पा०प०मु०/अ०का० ई-निविदा/2025-26 दिनांक- 28/03/26

-::ई-प्रोक्योरमेन्ट/अल्पकालीनई-निविदासूचना::-

नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद द्वारा राज्य वित्त आयोग/नगर निधि/गौशाला मद के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 30 मार्च 2026 की मध्यान्ह 02:00 बजे से दिनांक 09 अप्रैल 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 09 अप्रैल 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-: पत्रांक:- 2085/ न0पा0परि0मु0/अ0का0ई-निविदा/ 2025-26 दिनांक: 28 मार्च 2026 |
| Publish and Time for RFP | 30 मार्च 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 09 अप्रैल 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 09 अप्रैल 2026 को मध्यान्ह 04:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Muradnagar, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Security | As per NIT |
| E-Tender Document Processing | As per tender list |

( दीपक कुमार ) अवर अभियन्ता ( जलकल ) | ( सतेन्द्र सिंह ) अवर अभियन्ता ( सिविल ) | ( डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ) अधिशासी अधिकारी | ( छम्मी ) अध्यक्ष

# स्वयंसेवी संस्थान की आड़ में ड्रग सिंडिकेट, पकड़ा गया आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** स्वयंसेवी संस्थान की आड़ में ड्रग सिंडिकेट चलाने वाले संस्थान के मालिक, उसके सहयोगी और दुकानदार को बाहरी जिला की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नांगलोई के रहने वाले हितेश मेहता प्रदीप और अमन के रूप में हुई है, जिनके कब्जे से कोडीन-आधारित कफ सिरप की 14 बोतलें, ब्यूप्रेनॉरफिन (साइकोट्रॉपिक पदार्थ) की 71 गोलियां, 6,980 रुपये नकद और अपराध में इस्तेमाल की गई 01 स्कूटी बरामद की गई। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एएसआई राजेश को इलाके में स्वयंसेवी संगठन की आड़ में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी का एक नेटवर्क चलने की जानकारी मिली थी। रहा है। आरोप है कि इस स्वयंसेवी संगठन का इस्तेमाल नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों को छिपाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए संस्थान का इस्तेमाल किया जा रहा है। एसीपी वीरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर राजपाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिवराम पार्क, नांगलोई स्थित स्वयंसेवी संगठन के परिसर में छापा मारा। संगठन के मालिक प्रदीप और उसके सहयोगी हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं जब्त की। उनकी निशानदेही पर लक्ष्मी पार्क, सैनिक चौक, नांगलोई के पास से अमन को गिरफ्तार किया।

## डीजे बजाने को लेकर नाबालिग की हत्या, दोस्त घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रानीबाग में एक शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़े में 17 साल के नाबालिग की हत्या कर दी गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। हमलावरों ने दोनों पर चाकू से हमला किया। मृतक की शिनाख्त निखिल यादव और घायल की पहचान सनी के रूप में हुई है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि देर रात चाकूबाजी की घटना की जानकारी के बाद रानीबाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक परिवार वाले घायलों को पास के अस्पताल ले जा चुके थे।

## रेखा गुप्ता ने मेधावी विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने द्वारका के यशोभूमि में आयोजित 'यशोत्सव 2026 ख्र समापन समारोह और पुरस्कार वितरण' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की ओर से शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1200 टॉप रैंकर्स (छात्र-छात्राओं) को लैपटॉप वितरित किए। साथ ही, दिल्ली खेल महाकुंभ 2025-26 के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस खेल आयोजन में हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई थी। उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के 222 मेधावी छात्रों तथा 34 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धियां न केवल विद्यार्थियों के परिश्रम का परिणाम हैं, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन का भी प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल पुरस्कार वितरण का अवसर नहीं, बल्कि युवा प्रतिभाओं के परिश्रम, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है। दिल्ली सरकार का उद्देश्य शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में युवाओं को समान अवसर प्रदान करना है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा, आधुनिक संसाधन और अवसर उपलब्ध हों। इसी दिशा में सरकार ने 2025-26 में लगभग 9000 कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड लगाए हैं, 275 स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित की हैं और 100 स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की गई हैं ताकि विद्यार्थी डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक स्कूल डिजिटल रूप से सुसज्जित हो, जहां स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब और आधुनिक पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों।

# अवैध संबंध में मामा की चाकू मारकर हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में अवैध संबंधों को लेकर भांजे ने अपने ही दूर के रिश्ते में लगने वाले मामा की दिनदहाड़े चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि निहाल विहार पुलिस को दोपहर दो बजकर 27 मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर सुमित ने बताया कि नाले पर मेरे भाई अमन को रोहित ने चाकू मार दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि मदनगीर के रहने वाले अमन (22) को आरोपी की मां ही नजदीक के अस्पताल ले गई है। नाले पर काफी दूर तक खून पड़ा था। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अमन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। केस को बाद में पशिचम विहार वेस्ट पुलिस को ट्रांस्फर कर दिया गया। शुरूआती जांच में पता चला कि सुमित का भाई अमन आरोपी रोहित की मां के साथ पशिचम विहार से निहाल विहार की ओर जा रही थी। इसी दौरान, आरोपी रोहित बाइक पर आया और उसने अमन पर चाकू से वार कर दिया।

आरोपी रोहित अमन का भांजा लगता है। काफी समय से दोनों में अवैध संबंध होने पर परिवार में विवाद चल रहा था। जिसको लेकर कई बार कहासूनी के साथ साथ धमकी भी दी जा चुकी थी। एक दिन पहले भी अमन रोहित के घर पर गया था, जहां पर झगड़ा भी हुआ था। रोहित ने कई बार अमन को धमकी भी दी थी।

## दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों की समीक्षा करने की आवश्यकता: आयुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने पुलिस हेडक्वार्टर में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और सभी रैंक के कर्मियों के साथ एक 'संपर्क सभा' आयोजित की। इस सभा में विशेष पुलिस आयुक्त ट्रैफिक नीरज ठाकुर, संयुक्त आयुक्त ट्रैफिक संजय त्यागी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक विजयंता गोयल आर्य, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक और एसीपी (ट्रैफिक), तथा ट्रैफिक इंस्पेक्टर उपस्थित थे। इस यूनिट के कुल 450 कर्मियों ने इस संपर्क सभा में भाग लिया स्टाफ के साथ अपनी बातचीत में, दिल्ली के पुलिस आयुक्त ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली पुलिस की सबसे अधिक दिखाई देने वाली यूनिट्स में से एक है। इसलिए, हमारा काम प्रभावी और पारदर्शी होना चाहिए, ताकि जनता का विश्वास हम पर बना रहे।

## इंडिया गेट पर वोका से होंगे चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट पर अगर आपने वाहन को नो पार्किंग जोन में पार्क किया तो वोका-वॉयलेशन ऑन कैमरा (कैमरे पर उल्लंघन) के जरिये तुरंत चालान हो जाएगा। इसके अलावा इंडिया गेट पर जनता को तीन और पार्किंग मिलीं हैं। ये पार्किंग इंडिया वॉटर चौनल के दोनों तरफ हैं। अभी तक एक बस की व दो अन्य पार्किंग थीं।

दिल्ली यातायात पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त शोभित सक्सेना ने बताया कि इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आस-पास भीड़ कम करने और ट्रैफिक को सुचारू बनाने की योजना पर काम चल रहा। आने वाले दिनों में इंडिया गेट तथा कर्तव्य पथ इलाके में छात्रों परिवारों और पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए भीड़ कम करने का एक अभियान चलाया जा रहा। इसका मकसद सही पार्किंग सुनिश्चित करना, गाड़ियों की आवाजाही को व्यवस्थित रखना, ट्रैफिक नियमों का पालन करवाना और गलत पार्किंग तथा गलत दिशा में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है।

उन्होंने बताया कि मार्च, 2026 के महीने में इंडिया गेट के आस-पास के इलाके में कुल 2253 चालान हुए। इनमें अवैध पार्किंग के 1720, वोका के 293 और बिना हेलमेट के 60 चालान किए गए। वहीं 180 को टो किया गया। पुलिस उपायुक्त सक्सेना ने बताया कि रेड लाइट उल्लंघन का पता लगाने वाले (आरएलवीडी) कैमरे इंडिया गेट, कर्तव्य पथ और नेशनल म्यूजियम, वॉर मेमोरियल जैसी दर्शनीय जगहों पर लगाए जा रहे हैं। रेड लाइट जंप करने के मामलों का अपने-आप चालान करने के लिए मथुरा रोड-भैरों मार्ग, रिंग रोड-भैरों रोड, जनपथ-टॉल्स्टॉय मार्ग पर 10 आरएलवीडी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

# ड्रग सिंडिकेट का किया पर्दाफाश, तीन दबोच

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के हौज काजी थाने की टीम ने ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 8.505 किलोग्राम गांजा और 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 24 मार्च को, नियमित गश्त के दौरान, हौज काजी थाने के एएसआई भुवनेश्वर को कांस्टेबल दयाचंद और कांस्टेबल नेपाल के साथ, सदर बाजार स्थित एक्सेलसियर सिनेमा के पास एक गली में चल रही अवैध ड्रग गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। इस अभियान के दौरान, मोहम्मद अली को मौके पर ही 'स्मैक' (नशीला पदार्थ) का सेवन करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।इस संबंध में, हौज काजी थाने के तहत मामला दर्ज कर शुरू की गई। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी मोहम्मद अली ने बताया कि उसने उक्त नशीला पदार्थ श्सोनूश् नामक एक व्यक्ति से खरीदा था, जो पहाड़गंज पुल के पास सक्रिय था। इसके बाद एसीपी कमला मार्केट की देखरेख में एसएचओ हौज काजी के नेतृत्व में टीम ने टोडापुर इलाके में एक रणनीतिक जाल बिछाया, जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी बिनोद कुमार (29), सोनू कुमार मंडल (29) और संजीत कुमार उर्फ सोनू (22) को पकड़ लिया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ताभारत मंडपम में आयोजित इंडिया इनोवेट्स 2026-दुनिया का हैकाथॉन नाम के आयोजन में भाग लेकर देशभर से आए युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए।

# युवाओं की ऊर्जा ही भारत की सबसे बड़ी पूंजी: रेखा गुप्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता न भारत मंडपम में आयोजित इंडिया इनोवेट्स 2026-दुनिया का सबसे बड़ा हैकाथॉन नाम के बड़े आयोजन में भाग लेकर देशभर से आए युवाओं का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में हजारों युवाओं, प्रतिभागियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस साल के आयोजन का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोट तकनीक और जनहित से जुड़े नए विचारों पर आधारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां मौजूद युवा केवल तकनीक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे शहरों को बेहतर बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने और समाज को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए ठोस समाधान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही पीढ़ी है जो आइडियाज को इनोवेशन में इनोवेशन को इंपैक्ट में बदलने की क्षमता रखती है। देश के कोने-कोने से आए प्रतिभाशाली युवाओं की ऊर्जा, कौशल और संकल्प भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व में एक युवा देश के रूप में जाना जाता है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक आबादी युवा है। इतनी बड़ी जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी ताकत है और यही युवा देश को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस हैकाथॉन में एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों में से चयनित 5000 से अधिक युवा वास्तव में भारत के डिजिटल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं और इनकी सोच आने वाले समय में शासन, समाज और अर्थव्यवस्था की दिशा तय करेगी। उन्होंने युवाओं से दिल्ली 2.0 के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसी दिल्ली का निर्माण किया जाना चाहिए जो इनोवेशन से प्रेरित हो, इंक्लूजन से सशक्त हो और जहां तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी समान महत्व दिया जाए।

# ऐतिहासिक स्मारकों की नींव में पानी जाने से रोका जाएगा

■ **दिल्ली के 174 स्मारकों का संरक्षण करेगा एएसआई**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी ऐतिहासिक गेटों को मजबूती दी जाएगी । इसके लिए इनके संरक्षण कार्य से लेकर इनकी मजबूती बनाए रखने के लिए काम किया जाएगा। जिसके तहत ऐसे गेटों के आसपास जल निकासी का उचित प्रबंध किया जाएगा ताकि उनकी नीव में पानी पहुंचकर इनका नुकसान ना करे।

दिल्ली गेट स्मारक से यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। दिल्ली भर में ऐसे स्मारकों की पहचान करी जा रही है, जिनकी नीव में पानी भरता है और बरसाती पानी की निकासी का इंतजाम नहीं है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पास दिल्ली में 174 स्मारक हैं। इनमें से कई जर्जर हालत में हैं, इन्हें बचाने के लिए पिछले सालों में भी काम किया गया है। इनमें बेगमपुरी कि वह मस्जिद भी शामिल है जिसकी नीव में कई वर्षों से पानी जा रहा था।

कुछ साल पहले इसके चारों ओर बंद पड़ी नालियों को खोलकर पानी की निकासी की व्यवस्था बेहतर की गई है। स्मारक को बचाने के लिए कुछ संरक्षण कार्य भी किया गया है। इसी की तर्ज पर दिल्ली गेट स्मारक में भी पिछले कुछ माह से काम चल रहा है। जिसके तहत स्मारक में जरूरी संरक्षण कार्य पूरा कराया गया है। इसके अलावा नीव में जाने वाले पानी को रोकने के लिए पाइपलाइन डालकर व्यवस्था को इस तरह बनाया जा रहा है। मकसद यह है कि मानसून के दौरान इसकी नीव में पानी न जाए और बाहर निकल जाए। दरअसल यह समस्या एएसआइ के कई स्मारकों में बनी हुई है।

एएसआई ने इसे देखते हुए अब उन सभी स्मारकों को लेकर योजना तैयार की गई है। जिसके तहत सभी ऐसे स्मारकों की पहचान कर उनकी नीव में जाने वाले बरसाती पानी को रोकने का इंतजाम किया जाएगा।

# पॉस्को मामले में 53 दिनों में ट्रायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में पिछले साल दिसम्बर महीने में एक नौ साल की बच्ची के साथ गलत हरकत करने वाले एक 72 साल के दुकानदार को गिरफ्तार किया था। पुलिस के पुख्ता सबूतों को आधार बनाकर कोर्ट ने आरोपी को बीस साल की सजा और पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जबकि बच्ची को साढ़े 13 लाख रुपये का मुआवजा देने की भी बात की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 23 दिसम्बर को, निहाल विहार पुलिस को एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि एक दुकानदार ने 9 साल की बच्ची के साथ गंदी बात की है। पुलिस ने तुरंत बच्ची का मेडिकल करवाया और उसके बयान दर्ज किये। बच्ची से पता चला कि दुकानदार उसको अकेला देखकर दुकान के अंदर ले गया और रेफ्रिजरेटर के पीछे ले गया और उसके साथ गंदी हरकत की। बच्ची को वारदात वाली जगह पर ले जाया गया। बच्ची की निशानदेही पर आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार करके सबूत इक्ट्ठा किये। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंवेस्टिगेशन ऑफिसर सब इंस्पेक्टर मनीषा ने टीम के साथ मिलकर पॉस्को आदि धाराओं में मामला दर्ज किया। सभी जरूरी सबूत इक;ा किए और ट्रायल के दौरान अदालत के सामने गवाहों की समय पर मौजूदगी सुनिश्चित की।

## एमसीडी के नियम होंगे कड़े, अब बिना पट्टे के कुत्ता घुमाने पर जुर्माना एक हजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोजमर्रा के नागरिक नियमों का उल्लंघन करना महंगा पड़ सकता है। खासकर पालतू पशु मालिकों, दुकानदारों और भवन मालिकों को नए नियमों के प्रति सतर्क रहना होगा। दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 में व्यापक संशोधन की तैयारी के साथ केंद्र सरकार ने सख्ती का संकेत दिया है। जन विश्वास विधेयक, 2026 को लोकसभा में पेश किया गया है, जिसे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को प्रस्तुत किया। इस विधेयक का मकसद छोटे-छोटे उल्लंघनों पर जुर्माने को तर्कसंगत बनाना, पुराने प्रावधानों को हटाना और नियमों को ज्यादा प्रभावी बनाना है। इसके लागू होने पर दिल्ली में नागरिक नियमों को लेकर सख्ती साफ दिखाई देगी। सबसे अहम बदलाव पालतू जानवरों और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े नियमों में देखने को मिलेगा। बिना पट्टे (लीश) के कुत्ते को सड़क पर घुमाने पर जुर्माना 50 से बढ़ाकर 1000 रुपये, ,सड़क पर मवेशी बांधने पर जुर्माना 100 से बढ़ाकर 1000 रुपये,घर का नंबर मिटाने/नष्ट करने पर 1000 रुपये जुर्माना,खतरनाक इमारत खाली न करने पर 200 से बढ़ाकर 1000 रुपये,पूर्णता प्रमाण पत्र के बिना भवन में रहने पर 200 से बढ़ाकर 1000 रुपये ,खतरनाक आतिशबाजी करने पर 50 से बढ़ाकर 500 रुपये,निगम अधिकारी को काम से रोकने पर 500 रुपये जुर्माना,कचरा संग्रहण की व्यवस्था न करने पर 50 से बढ़ाकर 500 रुपये,गली में गंदगी बहाने या कूड़ा फेंकने पर 200 रुपये जुर्माना,बिना लाइसेंस बाजार खोलने पर 2000 रुपये जुर्माना,स्ट्रीट लाइट को नुकसान पहुंचाने पर 100 रुपये जुर्माना,जन्म और मृत्यु की सूचना न देने पर जुर्माना हटा दिया गया।



दिल्ली पुलिस आयुक्तट्रैफिक यूनिट में नई शामिल की गई क्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

# दिल्ली पुलिस आयुक्त ने ट्रैफिक यूनिट में क्रेनों को दिखाई हरी झंडी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने पुलिस मुख्यालय, में ट्रैफिक यूनिट में नई शामिल की गई 76 क्रेनों को हरी झंडी दिखाई। सड़क किनारे अनाधिकृत पार्किंग और वाहनों के खराब होने से होने वाली भीड़ की बढ़ती चुनौती को देखते हुए, यह बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर अवैध रूप से पार्क किए गए और फंसे हुए वाहनों को तेजी से हटाने में मदद करेगा, जिससे ट्रैफिक का बहाव सुचारू होगा, रुकावटें कम होंगी और पूरे शहर में सड़क अनुशासन में सुधार होगा।दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने अतिरिक्त 125 ओएसवीडी उल्लंघन का पता लगाने वाले) कैमरों का भी सॉफ्ट लॉन्च किया।; यह राष्ट्रीय राजधानी में ट्रैफिक नियमों को लागू करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस लॉन्च के मौके पर स्पेशल पुलिस आयुक्त ट्रैफिक,नीरज ठाकुर, और ट्रैफिक यूनिट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।ये अतिरिक्त 125 ओएसवीडी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे 76 और सड़क हिस्सों तक कवरेज बढ़ गया है और 66 सड़क हिस्सों पर पहले से मौजूद 125 कैमरों का नेटवर्क और मजबूत हुआ है। यह विस्तृत सिस्टम ओवर- स्पीडिंग, लेन अनुशासन हीनता और ट्रैफिक के विपरीत दिशा में गाड़ी चलाने जैसे उल्लंघनों का अधिक निष्पक्ष, व्यापक और प्रभावी ढंग से पता लगाने में मदद करेगा, जिससे नियमों का पालन बढ़ेगा और पूरे शहर में सड़क सुरक्षा बेहतर होगी। यह सिस्टम दोपहिया और तिपहिया वाहनों सहित सभी श्रेणियों के वाहनों को कवर करेगा।यह पहल दिल्ली पुलिस की स्मार्ट पुलिसिंग सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसका उद्देश्य तकनीकी हस्तक्षेप को बढ़ाना और ट्रैफिक उल्लंघनों से निपटने के लिए श्फेसलेसश (बिना आमने-सामने आए) प्रवर्तन को सक्षम बनाना है; ये उल्लंघन सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के प्रमुख कारणों में से हैं। कैमरा-आधारित प्रवर्तन नेटवर्क के विस्तार के साथ, अधिकारी पूरे शहर में महत्वपूर्ण स्थानों और दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों में होने वाले उल्लंघनों की वास्तविक समय (real-time) में निगरानी करने के लिए बेहतर रूप से तैयार होंगे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**आनन्द विहार (ट.) - पुरुलिया जं.- आनन्द विहार (ट.) साप्ताहिक नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा आनन्द विहार (ट.) – पुरुलिया जं. – आनन्द विहार (ट.) स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. **14022/14021** नई (साप्ताहिक) एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिसकी समय-सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :-

रेलगाड़ी संख्या 14022/14021 आनन्द विहार (ट.) – पुरुलिया जं. – आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस ट्रेन (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी संख्या : 14022 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या : 14021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | आनंद विहार (ट.) | 23:10 | -- |
| 08:15 | 08:25 | मुरादाबाद | 19:38 | 19:48 |
| 10:10 | 10:15 | बरेली जं. | 17:46 | 17:48 |
| 14:20 | 14:30 | लखनऊ जं. | 13:05 | 13:15 |
| 16:25 | 16:30 | अयोध्या कैंट | 10:25 | 10:30 |
| 21:40 | 21:50 | वाराणसी जं. | 07:10 | 07:15 |
| 22:40 | 22:45 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 05:40 | 05:45 |
| 23:24 | 23:26 | भभुआ रोड | 04:35 | 04:37 |
| 23:53 | 23:55 | सासाराम | 03:52 | 03:54 |
| 00:08 | 00:10 | डेहरी ऑनसोन | 03:30 | 03:32 |
| 00:55 | 00:57 | जपला | 02:15 | 02:17 |
| 02:30 | 02:35 | गढ़वारोड जं. | 01:40 | 01:45 |
| 03:13 | 03:15 | डाल्टनगंज | 00:30 | 00:32 |
| 03:43 | 03:45 | बरवाडीह जं. | 00:01 | 00:03 |
| 04:20 | 04:22 | लातेहार | 22:55 | 22:57 |
| 05:15 | 05:17 | टोरी | 22:15 | 22:17 |
| 06:00 | 06:02 | लोहरदगा | 21:10 | 21:12 |
| 07:20 | 07:30 | राँची | 19:35 | 19:45 |
| 08:40 | 08:42 | मूरी | 18:18 | 18:20 |
| 10:40 | -- | पुरुलिया जं. | -- | 17:00 |

चलने के दिन: 14022 आनन्द विहार (ट.) से (प्रत्येक गुरूवार) दिनांक 02.04.2026 से एवं 14021 पुरुलिया जं. से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 03.04.2026 से।

स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1049/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इन्वेस्टमेंट फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़, पांचे धरे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने इन्वेस्टमेंट फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से छह मोबाइल फोन और 35 बैंक खातों की जानकारी बरामद शिकायतकर्ता से इन्वेस्टमेंट के बहाने 12,22,670/ रूपये- की ठगी की गई। आरोपी एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 18 शिकायतों से जुड़े पाए गए।

दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 04.सितंबर को, शिकायतकर्ता ने एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज कराई। इसमें उसने बताया कि उसे एक कंपनी के जरिए शेयर बाजार में पैसे लगाने के लिए उकसाया गया। इस लालच में आकर उसने कुल 12,22,670/- रूपये की रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में पता चला कि वह कंपनी फर्जी थी और शिकायतकर्ता के साथ ठगी हुई थी। इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन संघमित्रा की देखरेख में एसएचओ साइबर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान, टीम ने तकनीकी विश्लेषण, निगरानी और वित्तीय लेन-देन की बारीकी से जांच के आधार पर महाराष्ट्र के श्रीरामपुर में छापा मारकर आरोपी श्रीधर दिलीप इंगले को गिरफ्तार कर लिया।

# पीजीडीएवी महाविद्यालय में 'युवा कुम्भ 2026' आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** विकसित भारत का सपना बिना युवा शक्ति के सहयोग के संभव नहीं है; युवा कुछ भी कर सकता है, बस उसे सही दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता है।

प्रगतिशील सिंधी समाज के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि विजय इसरानी जी के इन ओजस्वी शब्दों के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय (सांध्य) में 'युवा कुम्भ 2026' का भव्य शंखनाद हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा और समर्पण के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ के दक्षिणी विभाग, दिल्ली प्रांत द्वारा पीजीडीएवी सांध्य महाविद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का मूल उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र भावना को सुदृढ़ करना और उन्हें देश के भविष्य के प्रति सही मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। छात्रा सारा द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई और श्षडज्श समिति के छात्रों द्वारा श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का गायन किया गया। 'रघुकुल रीति सदा चली आई' की गूँज ने पूरे परिसर को श्रीराम की मर्यादा और भव्यता से सराबोर कर दिया। उल्लेखनीय है कि चौपाई गायन की यह विशिष्ट परंपरा दिल्ली विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों में केवल पी.जी.डी.ए.वी. (सांध्य) में ही आयोजित होती है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. गुप्ता ने अपने संबोधन में संघ को श्एक विचारश बताते हुए श्कंट्री फर्स्टश (देश प्रथम) और भारतीय संस्कृति पर गर्व करने के सिद्धांतों पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से तकनीकी क्षेत्र में भारतीयों की मेधा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हम जिस तीव्र गति के इंटरनेट का आनंद ले रहे हैं, उसमें प्रयुक्त होने वाले ऑप्टिकल फाइबर और अन्य महत्वपूर्ण घटकों का निर्माण एक भारतीय ने ही किया है। प्राचार्य ने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति का उपहास उड़ाने वालों से सतर्क रहें और गौरवशाली भारतीय उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। संघ के दक्षिणी विभाग के सह-संघचालक प्रवीण गुलाटी जी ने कार्यक्रम की भूमिका और उद्देश्य बताते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि देश में जो भी बड़े परिवर्तन आए हैं, वे युवाओं के माध्यम से ही संभव हुए हैं। इसी उद्देश्य से युवा कुंभ का आयोजन किया गया है कि युवा अपने लक्ष्य और दिशा की ओर बढ़ पाएँ और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।



# पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा, हापुड़ से जाने वाले वाहनों की टोल पर जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह को लेकर जनपद हापुड़ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। समारोह में हापुड़ से शामिल होने जा रहे विभिन्न राजनी. तिक दलों के नेताओं, पदाधिका. रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहनों की सुरक्षा जांच के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह स्वयं मैदान में उतरे और पुलिस बल के साथ कुराना टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।



शनिवार को आयोजित इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की गहन तलाशी ली गई। विशेष रूप से उन वाहनों पर पैनी नजर रखी गई, जो जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए हापुड़ से रवाना हो रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा हर वाहन की विधिवत जांच सुनिश्चित करने को कहा। चेकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेज, यात्रियों की पहचान और सुरक्षा मानकों का बारीकी से परीक्षण किया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मौके पर मौजूद संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम में जाने वाले सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से साफ है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा में किसी प्रकार की लाप. रवाही नहीं बरती गई। कुराना टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान यातायात को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिससे आम यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को ऐतिहा. सिक कार्यक्रम माना जा रहा है, जिसके चलते पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई।

# पिलखुवा में तिरपाल फैक्ट्री में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से मची तबाही, 20 लाख तक का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोहल्ला किशनगंज नई आबादी में रविवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हिंदू कन्या इंटर कॉलेज के पीछे स्थित इनाम टेक्सटाइल नामक तिरपाल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री धधकने लगी और इलाके में हड़कंप मच गया। देर रात फैक्ट्री में काम चल रहा था, तभी अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री मालिक यूसुफ के अनुसार, रात के समय फैक्ट्री में कारीगर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी कपड़े व धागों तक पहुंच गई। फैक्ट्री में भारी मात्र में तिरपाल का कपड़ा, धागा और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी होने



के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में भयावह रूप धारण कर लिया। मौके पर मौजूद कारीगरों ने पानी और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती चली गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को तुरंत बुलाया गया।

मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अधिक. ारी सचिन बालियान ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल तीन दमकल वाहनों को रवाना किया गया था।

टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को आसपास के मकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक दिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 15 से 20 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और वास्तविक नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी जनता की फरियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित और निष्पक्ष समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने थाना हापुड़ नगर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद पांडेय भी मौजूद रहे और थाने में पहुंचे लोगों की शिकायतों को दर्ज कर उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, आपसी कहासुनी, पारिवारिक विवाद, मारपीट तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित कई शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का सत्यापन कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी विनोद पांडेय ने भी फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य भी यही है कि छोटी-बड़ी शिकायतों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर समय रहते हो सके और लोगों को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

# संस्कार एजुकेशनल ग्रुप के 17वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को मिली डिग्रियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप (एसईजी) में सोमवार को 17वां दीक्षांत समारोह गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 2025 की स्नातक कक्षाओं के 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में बीटेक, बीफार्मा, बीआर्क, बीएफएसआई और एमबीए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सवपूर्ण माहौल में सम्मान किया गया। पूरे परिसर में गर्व, उत्साह और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. शुचित बजाज, उजाला सिग्नस हेल्थ केयर सर्विसेज एवं श्रवाब फाउंडेशन के संस्थापक-निदेशक तथा वर्ष 2024 के वैश्विक सामा. जिक उद्यमी, द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद निदेशक फार्मेसी डा. बबीता कुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में प्रो. (डा.) संदीप सिंघल, एनआईटी कुरुक्षेत्र के शिक्षाविद एवं शोधकर्ता, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्या मनीषा गुप्ता सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो. डा. संदीप सिंघल ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और बदलते समय के साथ स्वयं को अनुकूल बनाने का संदेश दिया।

इंजीनियरिंग निदेशक डा. धर्मेंद्र सिंह ने संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया और सभी स्नातकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन काल की यादों और मित्रों के साथ बिताए पलों को साझा कर माहौल को भावुक और गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का समापन वास्तुकला निदेशक डा. राकेश अलावधी के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। संस्थान ने सभी स्नातक छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई दी।

# मां चंडी पंखा शोभायात्रा में सपा का भव्य स्वागत कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में आयोजित जगत जननी मां चंडी महारानी एवं मां काली की पंखा शोभायात्रा के दौरान धार्मिक आस्था और सामा. जिक सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता ललित सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में भव्य स्वागत कैंप लगाया गया, जहां शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा जैसे ही शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, स्वागत कैंप पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कैंप में मौजूद कार्यकर्ताओं ने मां चंडी महारानी और मां काली के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए और उन्हें जलपान कराया।



इस अवसर पर शहर के सम्मानित व्यापारी वर्ग के साथ समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ललित सिंह एडवोकेट ने कहा कि मां चंडी महारानी की शोभायात्रा शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। शहर में निकली इस भव्य शोभायात्रा ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा और सेवा कार्यों ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया।

# मां की डांट से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के देहपा कमालपुर गांव में एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है।

27 मार्च की देर रात का है जहाँ मामूली पारिवारिक बात पर मां की डांट से आहत एक किशोरी ने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया, जिसने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

मृतका की पहचान सफ़हा उम्र लगभग 19वर्ष पुत्री इंशाल्लाह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था।

इसी बात से आहत होकर सफ़हा ने घर के भीतर ही फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के समय घर में अन्य सदस्य मौजूद थे, लेकिन किसी को इस बात का भनक तक नहीं हई ।

कुछ देर बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर पिलखुवा स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### यूपीआई ठगी के शिकार पीड़ित को पूरी रकम वापस, सिम्भावली साइबर टीम की मुस्तैदी से 24 हजार खाते में लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली की साइबर क्राइम टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित की पूरी 24 हजार रुपये की धनराशि शत-प्रतिशत वापस कराकर राहत दिलाई है। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली और हापुड़ पुलिस का आभार जताया।

थाना सिम्भावली साइबर सेल लगातार सक्रिय रहकर ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध करा रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम हरोड़ा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र गजराज सिंह 27 अगस्त 2025 को यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार हो गए थे, जिसमें उनके खाते से 24 हजार रुपये की राशि धोखाधड़ी कर निकाल ली गई थी। मामले की शिकायत मिलते ही साइबर टीम ने तत्काल तकनीकी जांच शुरू की और संबंधित बैंकिंग चौनलों व डिजिटल ट्रांजेक्शन प्लेटफॉर्म से समन्वय स्थापित किया। लंबे समय तक लगातार प्रयास, तकनीकी विश्लेषण और बैंक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार, 28 मार्च को पीड़ित की पूरी 24 हजार रुपये की धनराशि उनके बैंक खाते में वापस करा दी गई। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे आम लोगों के लिए बड़ी राहत बताया।

### खोया मोबाइल वापस मिलते ही खिल उठा चेहरा, सिम्भावली पुलिस ने 20 हजार का फोन खोजकर लौटाई मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आमजन की सहायता और त्वरित पुलिस कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण थाना सिम्भावली क्षेत्र में देखने को मिला, जहां पुलिस ने खोया हुआ मोबाइल फोन तलाश कर उसके स्वामी को सुपुर्द कर दिया। करीब 20 हजार रुपये कीमत का आईक्यू जेड9 मोबाइल फोन वापस मिलने पर स्वामी के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी और उन्होंने हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए जमकर प्रशंसा की।

पुलिस के अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल फोन खोने की शिकायत प्राप्त हुई थी। अथक मेहनत और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने खोया हुआ आईक्यू जेड9 मोबाइल फोन बरामद कर लिया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर स्वामी बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन इतनी जल्दी वापस मिल जाएगा, लेकिन सिम्भावली पुलिस की सक्रियता और ईमानदार प्रयासों से उनका कीमती मोबाइल उन्हें वापस मिल सका। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि फोन को तकनीकी माध्यम से ट्रैक कर जल्द बरामद किया जा सके। साथ ही लोगों को अपने मोबाइल का आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखने की भी सलाह दी गई है।

### सड़क किनारे कपड़े में लिपटी मिली मासूम की लाश

ihyhHkhrA कितनी पत्थरदिल हो गई है यह दुनिया३ जिस मासूम ने अभी इस दुनिया को ठीक से देखा भी नहीं था, जिसने अभी मां की गोद की गर्माहट तक महसूस नहीं की थी, उसे बेरहमी से सड़क किनारे फेंक दिया गया ।नवजात शिशु का शव मिलने की खबर ने हर संवेदनशील इंसान का दिल दहला दिया। सोचने वाली बात यह है कि आखिर कैसे लोग हैं वे, जिनके हाथ एक मासूम की जिंदगी छीनते समय जरा भी नहीं कांपे ।जिस बच्चे को प्यार, दुलार और सुरक्षा मिलनी चाहिए थी, उसे कपड़े में लपेटकर ऐसे फेंक दिया गया जैसे उसकी कोई कीमत ही न हो। यह सिर्फ एक शव नहीं, बल्कि इंसानियत पर लगा एक गहरा सवाल है ।जानकारी के अनुसार बीसलपुर थाना क्षेत्र के बिलसंडा तिराहे के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार कार वहां आकर रुकी। कार में सवार अज्ञात लोगों ने कपड़े में लिपटा एक पैकेट सड़क किनारे फेंका और तुरंत वहां से निकल गए। कार के जाने के बाद राहगीरों को पैकेट देखकर संदेह हुआ। जब लोगों ने पास जाकर देखा तो उसमें एक नवजात शिशु का शव मिला। यह खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई ।घटना की जानकारी मिलने पर बीसलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# जिला पंचायत की अंतिम बोर्ड बैठक में कई अहम प्रस्ताव हुए पारित

’kkg VkbEl laoknnkrk

ihyhHkhrA जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आज जिला पंचायत अध्यक्ष डा. दलजीत कौर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में हुई। बैठक में विकास कार्य के कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिला पंचायत की गत बैठक कार्यवाही की पुष्टि की गई।

इसके बाद जिला पंचायत के पुनरीक्षित बजट वर्ष–2025–26 एवं मूल बजट वर्ष 2028–27 के अनुमोदन पर विचार किया गया. वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु जिला पंचायत की विकास योजना की कार्य योजना पर विचार हुआ। मनरेगा वर्ष 2026–27 के लेवर बजट की स्वीकृति पर विचार किया गया। बैठक में कई विभागों के अधिकारी मौजूद न रहने पर नाराजगी जताई गई। इस दौरान गुरभाग सिंह, जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद, अजय भारती, चंचल भास्कर, हरीओम राठौर, सरताज अंसारी, रजनी देवी, रेनू राज आदि जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# जे.एम.एस. इवेंट में दिखा टैलेंट और टीमवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मसूरी स्थित जे.एम.एस. इंस्टीट्यूट आज उत्साह, रंगों और बच्चों की रचनात्मकता से सराबोर नजर आया, जहां छात्र-छात्राओं के कौशल को निखारने के लिए एक भव्य इवेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हुनर और उद्यमशील सोच का शानदार प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग प्रकार के स्टॉल लगाए, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया।

कैंपस में प्रवेश करते ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। हर तरफ रंग-बिरंगे स्टॉल्स, बच्चों का उत्साह और अभिभावकों की भीड़ नजर आई। एक ओर पारंपरिक स्वाद से महकती खीर की स्टॉल पर लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं, तो दूसरी ओर युवाओं की पसंद मोमोज और पिज्जा स्टॉल्स ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि बच्चों ने सिर्फ खाने-पीने की चीजें तैयार ही नहीं कीं, बल्कि स्टॉल की सजावट, ग्राहकों को आकर्षित करने की शैली और उसकी मार्केटिंग के जरिए अपनी रचनात्मक सोच और बिजनेस समझ का भी परिचय दिया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों और अभिभावकों ने एक-एक स्टॉल पर जाकर बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी मेहनत की जमकर सराहना की। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और व्यापार की बारीकियों से परिचित



कराना है। जे.एम.एस. इंस्टीट्यूट का यह आयोजन न केवल एक इवेंट रहा, बल्कि बच्चों के सपनों, हुनर और आत्मविश्वास को नई उड़ान देने वाला मंच भी साबित हुआ।

# बेन हर गुरुकुल में वार्षिक परीक्षाफल दिवस पर खिल उठे विद्यार्थियों व अभिभावकों के चेहरे

’kkg VkbEl laoknnkrk

ihyhHkhrA बेनहर गुरुकुल की कक्षा प्री नर्सरी से 11 वीं तक सभी कक्षाओं में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। प्रातः काल से ही बच्चे अपने –अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा परिणाम जानने के लिए विद्यालय परिसर आये।

विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि लगातर अभ्यास से ही असंभव को संभव बनाया जा सकता है। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने अभिभावकों वह विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षाफल



बच्चों के मानसिक स्तर को जां. चने का साधन मात्र है। यदि किसी विद्यार्थी ने कम अंक प्राप्ति किए हैं तो निराश होने की बजाय परिश्रम करते हुए सफलता की सीढ़ी चढ़ने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी का शैक्षणिक स्तर बढ़ाने में उपस्थिति का महत्वपूर्ण योगदन होता है, इसलिए नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होना आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त विद्यार्थीयों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया और ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने अभिभावकों से निवे. दन किया कि विद्यालय की शैक्षणिक व क्रियात्मक गति. विधियों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकी विद्यार्थी के मान. सिक स्तर को बल प्राप्त हो सके। विद्यालय की ऐकैडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित व एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिसर और सेल्फी प्वाइंट को सजाने में अध्यापिका रजनी दीक्षित एवं अध्यापक शिवम शर्मा का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की ओर से अब्दुल कादिर, नवील रज़ा, तईब अहमद, उस्वा नूरी, जपजी कौर, सुखमनी कौर, अंश चौधरी, शौर्य सिंह और नवरीत कौर को शत–प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार प्रमाण पत्र सहित प्रदान किया गया। प्राइमरी कक्षाओं में आरुष गंगवार, अथर्व दीक्षित, आफिया ग्याज़, आइजा और गुरुमन सिंह ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। अलाइना तारीक, गौरांशी अग्रवाल, अयान सिंह, वर्तिका शुक्ला, नविषा सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जैनुअल, मो० अली, शानवी सिंह, तविशा फातिमा, मो० अमान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा छः से आठ तक के विद्यार्थीयों में जोया ग्याज़, साई दीपक, अनुष्का श्रीवास्तव, जगनूर सिंह, सवीहा फातिमा, आन्या सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया।

गुरशेज सिंह, मौ० जैन, मनसीरत कौर, राघव गुप्ता, व्याख्या शर्मा, उरूज़ फातिमा दूसरे स्थान पर रहे। आरव अग्रवाल, सेजल गजवानी, ऋतुराज सिंह, अल्वीया फातिमा, नवरीत कौर व श्रेष्ठ रस्तोगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 वीं और 11 वीं में क्रमशः सार्थक सिंह और प्रिंस ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। ओजस रस्तोगी और वंश ने दूसरा स्थान तथा संस्कार भारद्वाज और शफ़कत हुसैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पुलिस ने मुठभेड़ में लूट का वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर कोतवाली पुलिस ने लूट की घटनाओं में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट का सामान, नगदी, अवैध हथियार तथा बिना नंबर की बाइक बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता स्पष्ट हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 मार्च को नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लिसाढ़ के जंगल में बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। पहली घटना में अरविंद नामक व्यक्ति से मोबाइल फोन और नगदी लूटी गई थी, जबकि दूसरी घटना में एक महिला से कुंडल,



नाक की बाली और अंगूठी छीन ली गई थी।

इन घटनाओं के संबंध में कोतवाली शामली में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। शनिवार को चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम को सूचना मिली, जिसके आधार पर आईटीआई कॉलेज से लिसाढ़ जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी की गई। इस दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में रईस पुत्र इदरीश निवासी राजीव कॉलोनी, पानीपत घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी फारुख पुत्र सगीर उर्फ काला धोबी निवासी कलंदर चौक, पानीपत मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूटे गए दो कुंडल, 1350 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारत.ूस, दो जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर की बाइक बरामद की गई है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा लगातार कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुक.दमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके।

# स्वरोजगार प्रोत्साहन को लगा मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, कैराना रोड, कंडेला में एक वृहद स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त उद्योग श्रीमती रतिका गुप्ता ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण बेरोजगार युवा आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत मैन्युफैक्चरिंग (उद्योग) क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख तथा सर्विस सेक्टर में 10 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसके




अतिरिक्त परियोजना लागत पर अधि.कतम 25 प्रतिशत तक का अनुदान (सब्सिडी) भी सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

मेले में मौजूद अधिकारियों द्वारा युवाओं को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, बैंकिंग प्रक्रिया तथा ऋण स्वीकृति से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में समझाई गईं। साथ ही इच्छुक अभ्यर्थियों से मौके पर ही आवेदन पत्र भी प्राप्त किए गए, जिससे युवाओं में योजना के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनें, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करें। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त उद्योग रविंद्र कुमार, डिप्टी एलडीएम मनमो.हन किशोर एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, माजरा रोड शामली के शाखा प्रबंधक रामफल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम मंदिर हसनपुर लुहारी मे हवन-यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** श्रीराम मंदिर में श्रीराम नवमी पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। विधि-विधान के साथ पंडितों द्वारा हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हवन के दौरान पूरा वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से ओत-प्रोत रहा। हवन-यज्ञ के उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता भाईचारा और धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर गांव के गणमान्य लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामजीलाल कश्यप का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कश्यप समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष का गांव कुडाना रोड सिसौली अड्डा पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने शहीद अमित की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भारतीय कश्यप जन चेतना मंच के जिलाध्यक्ष पवन कश्यप ने समाज की ओर से तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने महर्षि कश्यप जयंती 5 अप्रैल पर पुनः अवकाश घोषित करने, जनपद के किसी एक चौक का नाम महर्षि कश्यप चौक रखने तथा ग्राम सेहटा का नाम बदलकर कश्यप नगर सेहटा किए जाने की मांग उठाई।

## सीएचसी आवासीय कालोनी में तांत्रिक क्रियाओं की अफवाह पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आवासीय कॉलोनी में रहस्यमयी परिस्थितियों और कथित 'तांत्रिक प्रथाओं' को लेकर हंगामा मच गया है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ कमरों में देवताओं के चित्र लगाए गए हैं और दो बिल्ली भी रखी गई हैं, जिन्हें देखकर कई लोग डर और आशंका में हैं। वही पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच की। चिकित्सकों ने इस मामले की तुरंत चिकित्सकीय और आधिक.ारिक जांच कराई जाए ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या गलत प्रथा सामने आ सके।

स्थानीय लोगों ने अधिका.रियों से अपील की है कि डॉक्टर और विशेषज्ञ टीम भेजकर कमरों में रह रही वस्तुओं और परिस्थितियों की जांच करें। उनका कहना है कि इस तरह की तांत्रिक प्रक्रियाएं न केवल मान.सिक रूप से प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से भी चिंता का विषय हैं। चिकित्सकों द्वारा मामले की जांच करने की शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और कॉलोनी में पुलिसकर्मियों को भेजकर स्थिति का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही उचित जांच नहीं की गई, तो और लोग भी इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। स्थानीय लोग यह भी दावा कर रहे हैं कि कमरे में मौजूद चित्र और दो बिल्ली के कारण कई परिवार भयभीत हैं और उन्हें रात के समय अपने घरों में भी असुरक्षा का अनुभव हो रहा है।

## 1 अप्रैल से स्कूलों के वाहनों का चेकिंग अभियान होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद शामली में विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभियान आगामी 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस एवं आवश्यक प्रपत्रों की गहन जांच की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) शामली रोहित राजपूत ने बताया कि यह अभियान परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में चलाया जा रहा है। साथ ही सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहारनपुर द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने जनपद के समस्त स्कूलों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को समय से पूर्ण एवं अद्यतन कराना सुनिश्चित करें। स्पष्ट किया गया है कि अभियान के दौरान जिन वाहनों के प्रपत्र अपूर्ण या मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधि.नियम 1988 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना एवं सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराना है।

## कॉपी के मूल्याकांन कार्य में आई तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की कक्षाओं 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई कॉपियों के मूल्यांकन को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा व्यापक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कुल 125834 कॉपियों का मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष जांच और निगरानी की। जांच के दौरान डीआईओएस ने मूल्यांकन प्रक्रिया के हर चरण को बारीकी से देखा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कॉपियों का मूल्यांकन उत्तर प्रदेश बोर्ड के निर्धारित पैमानों के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जा रहा हो।

निरीक्षण में मूल्यांकन में देरी, अंकन में गड़बड़ी या अनियमितताओं की संभावनाओं को कम करने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के कार्य और पद्धतियों की समीक्षा की गई। डीआईओएस ने निरीक्षण के दौरान कॉपियों के अंकन में सुसंगतता, उत्तर-पत्रों पर सही अंक का अंकन और मूल्यांकन रिपोर्ट की समय पर अपडेटिंग की स्थिति को भी देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को मूल्यांकन में सावधानी बरतने, प्रत्येक उत्तर-पत्र को ध्यानपूर्वक देख कर अंक देने और किसी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि परीक्षार्थियों को उनके वास्तविक प्रदर्शन के अनुसार अंक मिलें और किसी भी प्रकार की अनियमितता या त्रुटि परीक्षा परिणामों में न आए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है और सभी मूल्यांकनकर्मी निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने कार्य को पूर्ण करेंगे। इस निरीक्षण से परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों में बिवास बढ़ेगा कि उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षाओं में मूल्यांकन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो रहा है।

# एक करोड़ की स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान हऑपरेशन सवेराह के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 515 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सहारनपुर परिक्षेत्र में पुलिस उपमहा.निरीक्षक अभिषेक सिंह के नेतृत्व में हऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और



प्रतिबंधित दवाओं के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना है।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फारुख उर्फ गांधी पुत्र अख्तर और अमजद पुत्र नासिर, निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दोनों को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से भारी मात्रा में अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में मुकदमा संख्या 209/2026 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरो.पियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में संकेत मिले हैं कि आरोपी संगठित गिरोह के रूप में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे। पुलिस अब इनके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है, ताकि सप्लाई चेन से जुड़े अन्य तस्करों और सरगनाओं तक पहुंचा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के बाद जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र कुमार और कांस्टेबल अरुण कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# रिजर्व पुलिस ने मनाई लौह पुरुष की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रिजर्व पुलिस लाइन द्वारा देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महान स्वतंत्रता सेनानी के जीवन, उनके आदर्शों एवं देश की एकता में उनके योगदान से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मी शिवानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के जीवन, उनके संघर्ष और अदम्य साहस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद



उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर भारत को एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अहम योगदान दिया। उनके इस अद्वितीय कार्य के कारण ही उन्हें हलौह पुरुषह की उपाधि दी गई। शिवानी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और देश की एकता, अखंडता तथा भाईचारे को बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से यह भी आहवान किया कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी को सरदार पटेल की 150वीं जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, गीता रानी, कविता रानी, सुरभि रानी, अनीता रानी, मोहित कुमार, विकास कुमार, कपिल कुमार, वंदना रानी, दिव्या रानी, साक्षी रानी और धर्मेंद्र कुमार सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और एकता के संकल्प के साथ किया गया।

# भजनों से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव गढ़ी हसनपुर में राम नवमी के पावन अवसर पर मां दुर्गा मंदिर में विशाल मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरी रात भक्ति का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तीर्थ सेवा न्यास के अध्यक्ष रामविशाल दास महाराज जी रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन चौधरी ने पंडित उमेश शर्मा से विधिवत पूजन-अर्चन कराकर ज्योत प्रज्वलित की और जागरण का शुभारंभ कराया। मां दुर्गा के भजनों और जागरण की मधुर प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को पूरी रात भाव-विभोर रखा। भक्तजन मां के जयकारों के साथ भक्ति रस में डूबे नजर आए। इस अवसर पर भावी उम्मीदवार जिला पंचायत वार्ड से रूबी चौधरी, निविस चौधरी तथा भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान ने मंदिर पहुंचकर मां के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति की ओर से रामविशाल दास महाराज जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष नाथी राम मित्तल, सचिव संजीव कुमार सहित सोमपाल सैनी, ऋषभ सिंघल, नितिन कुमार, आत्माराम कश्यप, सुशील पंवार, बिजेंद्र कश्यप और विपिन मित्तल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवा.सियों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुआ।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत

**झिंझाना।** ग्राम रजाकनगर में श्रीराम अंकित पटके पहनाकर स्वागत किया गया, जबकि जमालपुर में महर्षि कश्यप की प्रतिमा भेंट की गई। बीबीपुर जलालाबाद में पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया और शिवनगर में भी फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। इस दौरान नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का आ]वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुटता को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया। कार्यक्रमों में विनोद प्रधान, स्वराज प्रधान, सुरेश मास्टर, संदीप कुमार, रविन्द्र मलिक, श्रवण प्रधान, नाथीराम अवाना, जसबीर चौहान, जनक अवाना, कर्ण सिंह मुखिया, सोमपाल मास्टर व सुरेंद्र सैनी मौजूद रहे।

# एसडीएस कॉन्वेंट में पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे स्थित एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षिक के समापन पर वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डॉ. रामजीलाल कश्यप भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर रामजीलाल कश्यप ने सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक श्रीपाल आर्य ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे निरंतर सफलता प्राप्त करें और एक आदर्श नागरिक बनकर अपने अभिभावकों व समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जीवन में




कभी निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रामजीलाल कश्यप, विद्यालय चेयरमैन लोकश तोमर, प्रबंधक श्रीपाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश भटनागर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान सुमित चौहान, रविन्द्र मलिक, आकाश तोमर, हिमांशी तोमर, रवि, प्रदीप शर्मा, अंकुर चौधरी, भुजवीर सिंह, अजय, पंकज गर्ग, सौरभ कुमार, दीपक कुमार, हरप्रीत कौर, अलका सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

## घरेलू हिंसा व जमीन विवाद के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे, जिन्होंने घरेलू हिंसा, मारपीट, जमीन विवाद व अन्य समस्याएं अधिका.रियों के समक्ष रखीं।गांव डून्डूखेड़ा निवासी विद्या पत्नी बिजेंद्र ने शिकायत करते हुए बताया कि बीती एक दिसंबर को उसके पति व ससुर ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़िता का आरोप है कि मेडिकल परीक्षण कराने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं




किया। इस पर पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए।सलेमपुर मार्ग निवासी खुशी ने आरोप लगाया कि उसके पति बिलाल द्वारा उसके साथ मारपीट की गई है। पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती है और उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने मामले में जांच करकार्रवाई के निर्देश दिए।इसके अलावा समाधान दिवस में कई फरियादियों ने जमीन संबंधी विवाद, कब्जा, रास्ते के झगड़े और पारिवारिक मामलों की शिकायतें भी दर्ज कराईं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।इस दौरान उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाईचारा रैली की रूपरेखा की हुई समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा दादरी में आयोजित होने वाली सामा.जिक समानता भाईचारा रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद शामली में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में भैंसवाल रोड स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिका.रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रैली की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेता सुधीर पंवार ने कहा कि सामाजिक समानता भाईचारा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में युवा अपने-अपने वाहनों से दादरी पहुंचेंगे और रैली को सफल बनाने में सक्रिय




भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पदा.धिकारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी जिला कार्यालय से सामूहिक रूप से रैली के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर युवा नेता अखिल बंसल की भी विशेष भागीदारी रहेगी, जो युवाओं को संगठित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति भी तैयार की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि कांधला क्षेत्र से जावेद जंग के नेतृत्व में, ऊन ब्लॉक से सत्यवान चौधरी एवं नीरज पहलवान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे।

वहीं जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सलेक चंद ने कहा कि रैली में दलित समाज की भी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सामाजिक समरसता का संद.ेश मजबूत होगा। बैठक में सलेक प्रधान, जावेद जंग, नीरज पहलवान, सत्यवान चौधरी, सचिन पंवार, खुशनूद, अरविंद झंझोट सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने रैली को ऐतिहा.सिक बनाने का संकल्प लिया।

# कोंथलपुर खोड़समा के पास चलती ट्रॉली पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव भड़ी की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गुरुद्वारा कोंथलपुर खोड़समा के पास अचानक हादसे का शिकार हो गई। ट्रॉली हरियाणा के असंध से पुराली की गांठ भरकर शामली शामला स्थित डिस्टलरी के लिए जा रही थी। इसी दौरान चलती ट्रॉली के टायरों का जोड़ा अचानक निकल गया, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई और चालक सहित सभी मजदूर सुरक्षित हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अचानक हुआ, जिससे कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रॉली में भरी पुराली की गांठें सड़क किनारे बिखर गईं। हालांकि ट्रॉली में सवार मजदूरों और चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए



तुरंत सड़क पर फैली गांठों को हटाकर रास्ता साफ कर दिया, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। इससे कुछ ही देर में यातायात सामान्य हो गया।

मजदूरों ने बताया कि ट्रॉली गांव भड़ी के लोगों की है और पुराली की गांठें असंध, हरियाणा से भरकर लाई गई थीं। इन्हें शामली शामला स्थित डिस्टलरी में पहुंचाया जाना था। हादसे के बाद पलटी हुई ट्रॉली में भरे माल को दूसरी ट्रॉली में भरकर गंतव्य तक भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मौके पर आसपास के लोगों ने भी मदद पहुंचाई और राहत कार्य में सहयोग किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुद्वारा कोंथलपुर खोड़समा के पास यह हादसा बड़ा रूप ले सकता था, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना के बाद राहगीरों वे आस पास के ग्रामीणों ने वाहन चालकों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायरों और अन्य तकनीकी हिस्सों की नियमित जांच कर चलने की सलाह दी।

# किसान कल्याण ही सरकार का ध्येय: गन्ना मंत्री

## मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल में समिति भवन नवनिर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

■ **विकासोन्मुखी नीतियों पर कार्य कर रही है प्रदेश सरकार: ऊर्जा राज्य मंत्री**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि. मोहिउद्दीनपुर मेरठ द्वारा समिति भवन के नवनिर्माण हेतु भूमिपूजन एवं कार्य शुभारंभ शनिवार को समिति परिसर में मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता विजयपाल घोपला द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री, डॉ. सोमेंद्र तोमर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक सहकारी गन्ना विकास समिति मोहिउद्दीनपुर के सभापति दीपक राणा रहे।

आयोजित सहकारी गन्ना विकास समिति, मोहिउद्दीनपुर में समिति भवन नवनिर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि गन्ना मंत्री ने मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-पाठ के साथ किया। उन्होंने मंच से अपने संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समग्र विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति मोहिउद्दीनपुर में संचालित प्रगतिशील योजनाएं क्षेत्रीय विकास का आधार बन रही हैं। समिति भवन का नवनिर्माण सहकारिता तंत्र को सुदृढ़ करने तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति मोहिउद्दीनपुर में नवीन समिति भवन का निर्माण क्षेत्र के गन्ना कृषकों के लिए बहुआयामी लाभ प्रदान करेगा। इससे किसानों को एक ही स्थान पर प्रशासनिक सेवाएं, तकनीकी मार्गदर्शन एवं गन्ना विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी सुलभ होगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के गन्ना किसानों से भी अपील की कि शोध संस्थानों के द्वारा विकसित उन्नतिशील किस्म के गन्ना बीज का प्रयोग गन्ने की खेती हेतु करे। गन्ना मंत्री जी द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति लि. मोहिउददीनपुर मेरठ के कार्यालय भवन के नवनिर्माण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजन हेतु समिति के सभापति (चेयरमैन) दीपक राणा, उपसभापति, संचालक मण्डल एवं विभागीय अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित भी किया तथा सभापति दीपक राणा के आयोजन एवं उत्कृष्ट कार्यो की सराहना भी की। शनिवार को आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मोदीनगर विधानसभा से विधायक डा. मंजू सिवाच ने अपने सम्बोधन में कहा कि नये समिति भवन के भूमि पूजन के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों एवं गन्ना मंत्री का हार्दिक अभिनन्दन करती हूं। मोहिउद्दीनपुर समिति एवं मोहि. उद्दीनपुर चीनी मिल इस समय अच्छा कार्य कर रही है, क्षेत्र के गन्ना किसानों को समय पर गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त हो रहा है।

विशिष्ट अतिथि एवं प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे जिन्होने अपने उद्बोधन में गन्ना मंत्री को अपना अभिभावक बताते हुए क्षेत्र में विकास की गति को बढाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

मोहिउद्दीनपुर में समिति भवन नवनिर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं विधिवत शुभारंभ कार्यक्रम में मेरठ परिक्षेत्र के उप गन्ना आयुक्त राजीव राय, जिला गन्ना अधिकारी मेरठ ब्रजेश कुमार पटेल, जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद प्रदीप कुमार, सम्भागीय विख्यापन अधिकारी गौरव कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जगदीप गुप्ता, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति लि. मोहिउद्दीनपुर मुकेश कुमार पाण्डेय, अवर अभियन्ता भूपराम एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों सहित हजारों गन्ना कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नासरपुर में नवआरंभ के अवसर पर नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत करते हुए बच्चों का स्वागत किया गया और राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि उनके विद्यालय के छात्र उदयवीर ने इस परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा विद्यालय के कुल 14 छात्रों ने यह परीक्षा पास करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र ने उदयवीर ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है इस परीक्षा को पास करने वाले प्रत्येक छात्र को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये कक्षा 12 तक सरकार द्वारा प्रदान किए जाते हैं। विगत वर्षों में उच्च प्राथमिक विद्यालय नासरपुर के सर्वाधिक छात्रों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान धनपाल सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल से जो मेधावी छात्र अपनी आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देते थे उनके लिए यह धनरा. शि आगे बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान करेगी और कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिन कुमार, याजवेंद्र सिंह, अभिषेक आंचल शर्मा, गंगे सिंह, राखी और संगीता देवी का सहयोग रहा।

# किठौर साप्ताहिक बाजार में 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कस्बा किठौर के साप्ताहिक बाजार में महिलाओं को आत्मरक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन स्थितियों में अपनाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी। महिला उपनिरीक्षक किरन कुमारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। साथ ही आत्मरक्षा के सरल उपाय भी बताए गए, जिससे महिलाएं जरूरत पड़ने पर खुद की सुरक्षा कर सकें। कार्यक्रम में कॉन्स्टेबल रश्मि, हेड कांस्टेबल सरोज एवं पीआरडी बशान्ति भी मौजूद रहीं। टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और उन्हें निर्भीक होकर समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## वॉलमार्ट वृद्धि ने किया एमएसएमई कनेक्ट 2026 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन विभाग के साथ साझेदारी में वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन (आई2आई) के साथ मिलकर कानपुर में वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई कनेक्ट 2026 का आयोजन किया। वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सोर्सिंग एंड प्रोक्योरमेंट, जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, श्एमएसएमई को मजबूत बनाने के लिए पूरे इकोसिस्टम में गठजोड़ की जरूरत है। लंबी अवधि में कारोबारी स्कलता के लिए एमएसएमई को विकास एवं प्रतिस्पर्धा की राह पर लाना जरूरी है। वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम निशुल्क प्रशिक्षण, पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप और मार्केटप्लेस एक्सेस के माध्यम से उद्यमियों को उनके कारोबार का विस्तार करने में सक्षम बनाता है और नए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में मदद करता है।

# लावड़ मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

## पूर्व विधायक संगीत सोम ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन, आज होगा समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत शनिवार को अंदावली मार्ग पर स्थित राजाराम मंडप में लावड़ मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक संगीत सोम द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शुभारंभ दोपहर लगभग 2:30 बजे हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भाजपा मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला 24 घंटे की होगी, जिसमें कुल सात सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कार्यक्रम में कुल सात वक्ताओं ने अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, अनुशासन एवं जनसेवा के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहन सैनी, संजय गुप्ता, रामानंद विल्टोरिया ऋतिक, नितिन, दिग्विजय सिंह, पुष्कर चौहान, जीत सिंह सैनी एवं सरवन सैनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहन सैनी ने बताया कि कार्यशाला का समापन कल रविवार को दोपहर 2:30 बजे होगा।



## किठौर में वरिष्ठ भाजपा नेता ताराचंद अहेरी को दी श्रद्धांजलि, शोकसभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर विधानसभा क्षेत्र के किठौर मंडल अंतर्गत शाहज. हांपुर निवासी भाजपा नेता ताराचंद अहेरी के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने शोकसभा में पहुंचकर स्व. ताराचंद अहेरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनुज नागर, फैजी खान, अंकुर राणा, अनिल अग्रवाल, जाकिर खान, आरिफ खान, तारिक खान, पवन पाल, मगन पाल गुर्जर, अंकित भड़ाना भडोली सहित क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विशेष न्यायाधीश पोस्को व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय संप्रेक्षण गृह प बाल गृह का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ के मार्गदर्शन में मोहम्मद बाबर खान विशेष न्यायाधीश (पोस्को) अपर जिला जज मेरठ व नम्रता सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ के द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर), राजकीय बाल गृह, (बालक), राजकीय महिला शरणालिय, पश्चातवर्ती देख रेख संगठन तथा राजकीय बाल गृह, (शिशु), मेरठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किशोरो के भोजन सम्बन्धित प्रकरणों तथा उनकी पत्रावलियों की विस्तार से जांच की गई निरीक्षण के समय सचिव, ने सीधे संवाद कर संस्थान में किसी प्रकार की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुपालनों की भी समीक्षा की उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



# कबाड़ी को चोरी का माल बेच रहे दो आरोपियों को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम कैलीरामपुर के नायरा पैट्रोल पंप से गाड़ी से रिम व अन्य सामान चोरी करने के बाद कबाड़ी की दुकान पर चोरी का सामान बेचते हुए माल स्वामियों ने दो चोरों को मौके पर ही पकड़कर थाना पुलिस के हवाले किया। वहीं कबाड़ी फरार हो गया।

ग्राम कैली रामपुर निवासी संदीप व अनुज पुत्रगण हरवीर ने बताया कि नायरा पैट्रोल पंप पर खड़ी गाड़ी से अवधेश निवासी कसरक थाना कटरा जिला शाहजहांपुर व जानेआलम निवासी ग्राम खजूरी थाना परीक्षितगढ़ ने गाड़ी से रिम दो बैटरी ई रिक्शा आदि चोरी कर नगर के मेरठ स्टैंड निवासी कबाडी शेरखान के यहां बेच रहे थे जिन्हें सामान सहित मौके पर पकड़ कर थाना पुलिस सौंप दिया। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि उक्त मामले में अवधेश निवासी कसरक थाना कटरा जिला शाहजहांपुर व जाने आलम निवासी ग्राम खजूरी थाना परीक्षितगढ़ व नगर निवासी कबाड़ी शेरखान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है अवधेश व जाने आलम को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं कबाड़ी को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है जो फरार है।

# आईआईटी रुड़की के साथ उद्योगों की बड़ी पहल

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 100 करोड़ का कार्बन क्रेडिट कार्यक्रम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जलवायु के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कई उद्योग भागीदारों ने आईआईटी रुड़की के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सतत कृषि और कार्बन क्रेडिट कार्यक्रम शुरू करने के लिए साझेदारी की है। इस पहल के लिए करीब 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक निवेश प्रस्तावित है। आईआईटी रुड़की इस कार्यक्रम की नोडल एजेंसी के रूप में इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेगा। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार का कृषि विभाग द्वारा स्वीकृत है और सहारनपुर मंडल के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों में लगभग 5 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को शामिल करने का लक्ष्य रखती है। इस कार्यक्रम में शामिल कंपनियों में टी आर एस टी 01, प्रोक्लाइम प्राइवेट लिमिटेड, कम्प्लायंस-कार्ट प्राइवेट लिमिटेड, एक्सेलईएसजी प्राइवेट लिमिटेड और सैट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस पहल पर बोलते हुए प्रो. ए. एस. मौर्य, पृथ्वी विज्ञान विभाग, आईआईटी रुड़की ने कहा, ह्यह पहल विज्ञान, नीति और उद्योग के समन्वय का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जो कृषि के माध्यम से बड़े स्तर पर जलवायु कार्रवाई को संभव बनाती है। इससे किसानों को कार्बन बाजार में भागीदारी का एक भरोसेमंद रास्ता मिलेगा। टी आर एस टी 01 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रबीर मिश्रा ने कहा, यह कार्यक्रम दिखाता है कि कृषि किस तरह एक संगठित जलवायु ढांचे में बदल सकती है। हमारे डिजिटल मापन, प्रतिवेदन और सत्यापन तंत्र तथा टी आर एस टी 01 वेरिटास मंच के माध्यम से हम पारदर्शिता, भरोसा और बड़े स्तर पर बाजार तक पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे लाखों किसान वैश्विक कार्बन बाजार से जुड़ सकें।

राज्य सरकार के सहयोग से इस पैमाने पर शुरू किया जा रहा यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सतत और पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाना, वैज्ञानिक तरीकों से मिट्टी की सेहत सुधारना और कार्बन संचयन के लिए मापन, प्रतिवेदन और सत्यापन की मजबूत व्यवस्था विकसित करना है। इस पहल के माध्यम से किसानों को उभरते कार्बन बाजारों तक पहुंच बनाने और कार्बन क्रेडिट के जरिए अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा, जो लागू मानकों के अधीन होगा।

## सुभारती में बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के जनरल मोहन सिंह क्रीडांगण में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चौंपियनशिप का शनिवार को भव्य समापन हुआ। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के बैनर तले आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई, पुरुष वर्ग की 58 एवं महिला वर्ग की 32 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरी प्रतियोगिता रोमांचक और अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रही, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# पुरानी दुश्मनी में युवक पर फायरिंग, हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव छुर में शनिवार दोपहर पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर गोली चला दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, रामवीर उर्फ गोलू पुत्र कटार सिंह को गांव के ही एक युवक ने निशाना बनाते हुए गोली मार दी। गोली उसके जबड़े में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तुरंत उसे सरधना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत चिंताजनक देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया।

घायल पक्ष ने गांव निवासी अमित पुत्र स्वर्गीय मुंशी पर हमला करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि कुछ साल पहले अमित के पिता मुंशी की हत्या हुई थी, जिसमें रामवीर का नाम सामने आया था। उसी घटना के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## सुभारतीमें एआई हैकाथॉन का भव्य आगाज

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित 'विज्ञानोत्सव 2026' के दूसरे दिन कार्यक्रम ने वैश्विक स्वरूप धारण कर लिया, जब सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय-स्तरीय एआई हैकाथॉन का भव्य उद्घाटन किया गया। इस आयोजन ने विश्व. विद्यालय के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को नई पहचान दी। इस अवसर पर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अतिथि डॉ. सर्गेई कोल्त्सोव, प्रोफेसर एवं प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, सेंट पीटर्सबर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में जटिल तकनीकी चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। एआई हैकाथॉन का सफल समन्वयन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत डॉ. श्रवण कुमार गर्ग द्वारा किया गया।


**सूचना**

मैं रामवीर (RAMVEER SINGH s/o No 14682112x Hav Sandeep Kumar 10 ezw Suratgarh (R-J.) स्थायी पता ग्राम + पोस्ट Puthi Parikshit Garh Tehsil & Mawana DIST. & MEERUT (U.P.) 250406 मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम RAMVEER SINGH है जो गलत है, जबकी मेरा सही नाम रामवीर (RAMVIR) है।

**सूचना**

यह कि मैं शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरा नाम रक्शन्दा कोकब पत्नी मौ. समदानी बाशा पुत्री मरहूम सैय्यद नोमान अली निवासी श्याम नगर मकान नं. 152 भोपाल की कोठी के सामने, पिल्लौखडी रोड, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, मेरठ-250002 है। मेरे पति से मेरा संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। मेरा एक प्लॉट अम्बा विहार मदरसा चिरागिया पर पूरब आराजी दीगर व्यक्ति, पश्चिम रास्ता 25 फुट चौड़ा, उत्तर आराजी दीगर व्यक्ति, दक्षिण मकान जुगनू आदि, मुजफ्फरनगर में है। वहीं दूसरा एक प्लाट नूर नगर, एरा गार्डन प्लाट नम्बर GE/A-025 मेरठ में है। साथ ही मेरे पति का मेरी संपत्ति में कोई हक नहीं है। अगर कोई फर्जी कागजों के माध्यम से मेरी संपत्ति बेचने का प्रयास करेगा तो इसका जिम्मेदार खुद खरीदने व बेचने वाला होगा। -हाल निवासी केयर ऑफ सैय्यद शाह फैसल मकान नं. -141, खालापार निकट पुलिस थाना मुजफ्फरनगर-251001

# एसएसपी अविनाश पांडेय पहुंचे किठौर

## औचक निरीक्षण से बौखलाए पुलिसकर्मी, मिली खामियां, सुधार लाने की दी हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय अचानक किठौर थाने पहुंचे और थाने की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उनके आगमन से पुलिस महकमे में हलचल मच गई और करीब एक घंटे तक थाने में गतिविधियां तेज रहीं।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने सबसे पहले थाना परिसर के मुख्य कार्यालय में रखे रजिस्टरों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के रख-रखाव की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने हवालात, पुलिस कर्मियों की रसोई व्यवस्था तथा साफ़-सफ़ाई की भी बारीकी से जांच की। इसके पश्चात एसएसपी ने मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल और थाने की नव-निर्मित इमारत का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केंद्र में किठौर के



एक स्कूल का प्रतीक चिन्ह लगा होने पर उन्होंने उसे तुरंत हटवाने के निर्देश दिए।थाना निरीक्षण के बाद एसएसपी जनसुनवाई केंद्र में पहुंचे, जहां उन्होंने समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व से संबंधित सामने आईं। इन मामलों को देखते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार राहुल मलिक को निर्देश दिए कि शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसएसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध सक्सेना से थाने में लंबित विवेचनाओं की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों की जांच को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। किठौर नगर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को लेकर भी एसएसपी ने गंभीरता दिखाई।

उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि मुख्य सड़कों के दोनों ओर सड़क से नीचे पटिका (मार्किंग) खिंचवाई जाए, ताकि रेहड़ी, ठेले और ई-रिक्शा सड़क से हटकर उसी सीमा के पीछे खड़े हों। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाए। करीब एक घंटे तक चले इस निरीक्षण और जनसुनवाई के दौरान थाने के पुलिसकर्मी पूरी तरह सतर्क दिखाई दिए और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे रहे। एसएसपी ने अंत में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में यूकेजी ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक नृत्य एवं प्रभावशाली भाषणों से सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने समारोह के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को करने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को जैन समाज के कद्दावर नेता सुरेश जैन रितुराज के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में दिगंबर जैन समाज के लोग थे जिन्होंने मांग की है कि प्रदेश सरकार द्वारा महावीर जयंती का अवकाश 31 मार्च को घोषित किया गया है, जबकि जयंती 30 मार्च को पड़ रही है इस कारण इस अवकाश को 30 मार्च का घोषित किया जाए। साथ ही प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि जैन समाज की वर्षभर में एक ही छुट्टी रहती है सिर्फ महावीर जयंती का अवकाश रहता है वह भी सम्पूर्ण अवकाश नहीं होता है। न्यायालयों में कार्य चलते हैं, जहां पर जैन अधिवक्ताओं की संख्या ज्यादा होती है वहां पर नोवर्क का प्रस्ताव हो जाता है लेकिन सबसे अग्रणीय भूमिका निभाने वाले समाज को समुचित सम्मान न दिया जाना समाज के लिए खेद का विषय है।

# शोभित विवि के छात्रों ने मदर डेयरी प्लांट नई दिल्ली का किया औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के एनआईसीई स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के बीबीए एवं एमबीए के छात्रों ने अपने पाठ्यक्रम के अंतर्गत नई दिल्ली के पटपड़गंज स्थित मदर डेयरी प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण एनआईसीई स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के निदेशक डॉ. विकास गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस भ्रमण में 31 छात्र एवं संकाय सदस्य डॉ. सलभ मेहरोत्रा और डॉ. नवनीश त्यागी शामिल रहे। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को डेयरी उद्योग, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन एवं एफएमसीजी क्षेत्र की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

छात्रों ने दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग तथा गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा। कंपनी के अधिकारियों ने छात्रों को कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स, स्वच्छता मानकों तथा उत्पादन प्रणाली के बारे में जानकारी दी। साथ ही एक संवाद



सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को विपणन रणनीतियों, वितरण नेटवर्क तथा करियर अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें अपने सद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। संकाय सदस्यों ने भी ऐसे भ्रमणों को छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। यह भ्रमण फीडबैक सत्र के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्रों को उद्योग के प्रति नई समझ एवं प्रेरणा मिली।

# कंकरखेड़ा थाने में गॉडविन ग्रुप के मालिक और गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रैपिड सेना पुलिस के जवानों पर गार्ड ने तान दिए हथियार, गोली मारने की दी धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** शनिवार को थाने में 22 रैपिड सैना पुलिस के कमांडिंग ऑफिसर शिवनारायण सिंह ने गॉडविन ग्रुप के मलिक भूपेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह बाजवा के अलावा उनके गार्ड पर मुकदमा दर्ज कराया है। थाने में तहरीर देते हुए अधिकारी ने बताया कि 26 मार्च को समय लगभग एक बजे मेरे जवान सिपाही चौहान जयपाल सिंह व सिपाही राहुल रावत ड्यूटी पर थे। उन्होंने बताया कि हम लोग 64 केवलरी (रेलवे फाटक) के पास मौजूद थे। तभी राजेश इन्कलेव की तरफ से दो गाड़ियां आती हुई दिखाई दी। हम लोग सतर्क हो गए और गाड़ियों को रोकने का प्रयास किया गया, तेजी से गाड़ी हमारे पास आकर रुकी। गाड़ियों में दूर से असलाह दिखाई दे रहा था, जिससे पहली गाड़ी जिप्सी जिसका नं.-UP32BG व दूसरी गाड़ी फोर्ड इन्डीवर UP15 DF 0001 थी। जवानों ने पास आकर पूछताछ की ओर बताया कि यह रास्ता बंद है। आप किसी दूसरे रास्ते से जाइए, तभी इन्डीवर में बैठे व्यक्ति बाहर आ गये। जिसमें से एक सरदार ने कहा कि तुम मुझे जानते नहीं हो मेरा नाम जितेंद्र सिंह बाजवा है। यह कहकर हम लोगों से धक्का मुक्की करने लगा और एंडेवर में मौजूद भूपेंद्र बाजवा और अन्य लोग भी धक्का मुक्की व गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। तभी जिप्सी में बैठे असलाधारी मेरे जवानों के पास आकर सीने की तरफ सिस्ट लेकर बोले कि तुम्हें जान से मार दूंगा। पीछे हटो धक्का मुक्की करते हुवे गाली गलौज करने लगे व जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से गाड़ियां लेकर निकल गए। कमांडर शिवनारायण सिंह ने जवानों के साथ मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कंकरखेड़ा थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मैक्स की डॉ. सीमा सिंह ने की भारत की दुर्लभ रोबोटिक थायरॉयड कैंसर सर्जरी

**32 वर्षीय बिनीता को मिला नया जीवन, गर्दन पर जीरो निशान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थायरॉयड रोगों और कैंसर के बढ़ते मामलों के बीच मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, वैशाली में एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। 32 वर्षीय बिनीता, जिन्हें थायरॉयड ग्लैंड में ट्यूमर की समस्या थी, का उपचार रोबोटिक स्कारलेस टोटल थायरॉयडेक्टॉमी विद सेंट्रल नेक डिसेक्शन (सीएनडी) तकनीक से किया गया, वह भी गर्दन पर बिना किसी निशान के। यह उन्नत सर्जरी चिकित्सा जगत में अत्यंत जटिल मानी जाती है, और पूरे भारत में केवल 12-15 अनुभवी सर्जन ही इस प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से करने में सक्षम हैं। इस सफल सर्जरी ने मैक्स वैशाली को रोबोटिक कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाई है। इस प्रक्रिया का नेतृत्व डॉ. सीमा सिंह,



एसोसिएट डायरेक्टर, रोबोटिक ऑनकोसर्जरी (ब्रेस्ट एवं गायनी यूनिट) ने किया। डॉ. सिंह आईएमएस, बीएचयू से एमबीबीएस और एमएस (गोल्ड मेडलिस्ट) तथा ऐम्स, नई दिल्ली से एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कर चुकी हैं। उन्होंने साउथ कोरिया से एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी में फेलोशिप भी प्राप्त की है, जिससे वह देश की चुनिंदा विशेषज्ञों में शामिल हैं। पारंपरिक थायरॉयड सर्जरी में गर्दन पर बड़ा निशान पड़ने की संभावना रहती है, जो कई मरीजों के लिए मानसिक और सामाजिक असहजता का कारण बनती है। इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए बिनीता के लिए Da Vinci Xi रोबोटिक सिस्टम की मदद से ट्रांसएक्सिलरी यानी बगल के रास्ते से ऑपरेशन किया गया। इस प्रक्रिया में गर्दन पर कोई चीरा नहीं लगाया जाता और बगल में दिया गया छोटा चीरा समय के साथ लगभग अदृश्य हो जाता है।

डॉ. सीमा सिंह ने बताया, 'स्कारलेस रोबोटिक थायरॉयडेक्टॉमी तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव, तेज रिकवरी और बिना किसी बाहरी निशान के इलाज का विकल्प प्रदान करती है। इससे उनकी जीवन गुणवत्ता और आत्मविश्वास दोनों बेहतर होते हैं। सर्जरी को सफल बनाने में अनुभवी सर्जिकल टीम, एनेस्थीसिया विशेषज्ञों और तकनीकी स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्पताल के अनुसार, यह उपलब्धि भविष्य में थायरॉयड सहित कई अन्य जटिल रोगों के इलाज को अधिक सुरक्षित और मरीज-अनुकूल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# नगर पंचायत परीक्षितगढ़ में नवनियुक्त सभासदों को चेयरमैन व ईओ ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत परिसर में शासन द्वारा नवनियुक्त सभासदों को चेयरमैन व नगर पंचायत अधिशासी ने शपथ ग्रहण कराई। शासन द्वारा भाजपा से संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, व गुड्डू प्रजापति तथा रालोद कोटे से कामेश गुर्जर को सभासद मनोनीत किया गया था।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन हिटलर त्यागी व नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने उक्त तीनों सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता अमित मोहन टीपू ने कहा कि सभी सभासद मिलकर परीक्षितगढ़ के विकास के लिए कार्य करें परीक्षितगढ़ एक ऐतिहासिक नगरी है जिसका विकास सभी लोग मिलकर कर सकते हैं शासन स्तर पर भी वह उनकी मदद करेंगे। चेयरमैन हिटलर त्यागी ने भी सभी सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। बिजनौर के सांसद चंदन चौहान के प्रतिनिधि योगाश राणा ने कहा कि वह परीक्षितगढ़ के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा सभी को मिलजुल कर विकास कार्य करना चाहिए। अधिशासी अधिकारी मनोज शर्मा ने भी सभी नवनियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर शमसुद्दीन व्यापार मंडल के महामंत्री शुभम वशिष्ठ भाजपा के मंडल अध्यक्ष सोनवीर सिंह ने संबोधित किया। इस मौके पर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, भाजपा मंडल महामंत्री संजीव पाराशर, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, पूर्व मंडल महामंत्री अंकित त्यागी सहित व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, लीगल एडवाइजर देवेंद्र शर्मा, अरविंद रस्तोगी, विद्याभूषण गर्ग, अनिल गर्ग अखिल गर्ग राकेश सोनी उत्कर्ष त्यागी, विकास शर्मा, गजेंद्र गुर्जर सहित वरिष्ठ लिपिक संदीप गौतम, पवन त्यागी, प्रदीप त्यागी, चीनू यादव सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन विष्णु अवतार रूहेला ने किया।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित हुये। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना था।बैठक के दौरान अभिभावकों को उनके बच्चों के प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी गई और शिक्षकों से खुलकर संवाद करने का अवसर मिला। प्रत्येक कक्षा की प्रगति आधारित रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किए गये जिन्हें अभिभावकों ने सराहा। बैठक के प्रमुख बिंदु विद्यार्थियों की शैक्षिक एवं व्यवहारिक प्रगति पर चर्चा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु संयुक्त विचार-विमर्श पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करना इस अवसर पर विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने कहा, विद्यालय की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक तीनों एक दिशा में एक लक्ष्य के साथ कार्य करें। बच्चों का विकास केवल अंकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके संस्कार, अनुशासन और व्यवहारिक गुणों में भी परिलक्षित होना चाहिए। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने कहा विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। शिक्षकों का परिश्रम तभी फलदायी होता है जब घर पर अभिभावक बच्चों को प्रोत्साहन और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें। प्रधानाचार्य ने स्पष्ट किया कि इसी सत्र से विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# श्री शिव दुर्गा मंदिर में श्रीखाटू श्याम मंदिर के भव्य भवन का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मौहल्ला सड़कवाला में बस स्टेंड स्थित श्रीशिव दुर्गा मंदिर बाहरला मंदिर मे श्रीशिव दुर्गा उपासक मंदिर समिति के तत्वधान मे श्री खाटू श्याम बाबा की स्थापना हेतू भव्य भवन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। जिसमे मुख्य पूजन पंडित सुभाष सेमवाल द्वारा पुरे विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। जिसमे पूजन समिति अध्यक्ष रविन्द्र नागर एवं हरीश गोयल द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। जिनमे लोकेश सिंघल, विपिन माहेश्वरी, रामावतार शर्मा, प्रमोद गर्ग, अमित गोयल, अशोक राजवंशी, विनय सिंघल, राम बहादुर शर्मा, अरविन्द गोयल, राजेश जैन, दीपक गर्ग, अपार माहेश्वरी, वैभव अग्रवाल, अनुज गर्ग, शिवम माहेश्वरी, स्पर्श सिंघल आदि सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# शोक संवेदना के बीच सियासी तेवर, मुनेन्दर गुर्जर ने उठाए सरकार पर सवाल

**जाकिर तुर्क/शाह टाइम्स**

**शाहजहांपुर।** कस्बा शाहज. हांपुर में सपा नेता व भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के प्रवक्ता मुमताज आलम के पिता मास्टर शफीक उज्जमा खान के निधन के बाद उनके आवास पर शोकसभा उस समय चर्चा का केंद्र बन गई जब भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेन्दर गुर्जर ने संवेदना व्यक्त करने के साथ-साथ सरकार पर तीखे सवाल भी उठाए। एक ओर माहौल गमगीन रहा, वहीं दूसरी ओर उनके बयानों ने राजनीतिक हलचल भी पैदा कर दी। शाह टाइम संवाददाता से बात. चीत के दौरान मुनेन्दर गुर्जर ने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहजीब देश की असली पहचान है। आजादी से लेकर देश के निर्माण तक हर वर्ग, विशेष रूप से मुस्लिम समाज का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमान दिन में पांच बार सजदा कर देश की मिट्टी को सलाम करता है, जो सबसे बड़ा देशभक्ति का प्रतीक है।



### सरंजीत गुर्जर ने भी जताई संवेदना

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनीतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरंजीत गुर्जर भी मुमताज आलम के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

**बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद:** शोकसभा में पूर्व प्रधान यूसुफ खान, प्रदेश सचिव जावेद खान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहित बैंसला, जिला महासचिव (युवा) देव खटाना, देव कुमार, अमन चौधरी, हुमायूं खान, शकील खान, मिस्बाह उल्ला खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। एक ओर जहां गम का माहौल था, वहीं सामाजिक एकता और भाईचारे का मजबूत संदेश भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ दबोचा, करीब आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे हैं दर्ज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के निर्देश के बाद लगातार पुलिस सिस्टम सुधारने की तरफ है। लगातार अपराधियों को पकड़ने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सभी थाना प्रभारी चौकी प्रभारी को निर्देश दे रहे हैं। शनिवार को जानी थाना पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ दबोच लिया। आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया। भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार ने बताया कि शनिवार को टीकरी गंग नहर के पास चेकिंग कर रहे थे तभी एक व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब उसका आपराधिक इतिहास टटोला तो पता चला कि आरोपी पर करीब आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। जानी थाना और गाजियाबाद थाना कवि नगर के मुकदमे पंजीकृत हैं तथा आरोपी हिस्ट्रीशीटर भी हैं। आरोपी की पहचान प्रदीप पुत्र हरवीर निवासी भोला के रूप में आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# मुंबई इंडियंस का लक्ष्य: मनहूस योग को पीछे छोड़ना

### रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपनी खोई हुई साख वापस पाने की कोशिश करेगा मुंबई

**मुंबई, वार्ता।** जब भी आईपीएल शुरू होता है, मुंबई पर एक अजीब तरह का सस्पेंस छा जाता है। यह सस्पेंस खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर किसी अनिश्चितता से पैदा नहीं होता, बल्कि एक पुरानी आदत की वजह से होता है।

मुंबई इंडियंस, एक ऐसी टीम जिसे ट्रॉफियां जीतने और पूरे सीजन पर अपना दबदबा बनाए रखने की आदत है, हर साल सीजन की शुरुआत में अपने ही इतिहास के एक दबे हुए बोझ के साथ मैदान पर उतरती है – यह बोझ है शुरुआती मैच जीतने में उनकी लगातार नाकामी का। अब यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रह गया है, बल्कि एक अंधविश्वास बन गया है जो पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। रविवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में, उन रोश. नियों के नीचे जिन्होंने कई रोमांचक मैच देखे हैं, मुंबई इंडियंस एक बार फिर इस कमी को दूर करने की कोशिश करेगी। उनके विरोधी, कोलकाता नाइट राइडर्स, शायद ऐसी कहानियों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। वे इस मैच को मुंबई के लिए अपनी खोई हुई साख वापस पाने का कोई अनुष्ठान नहीं मानेंगे, बल्कि इसे एक मौके के तौर पर देखेंगे – एक सीधा, साफ और बिना किसी भावुकता वाला मौका – टूर्नामेंट की शुरुआत में ही बढ़त बनाने और एक मजबूत टीम को उसके अपने ही घरेलू मैदान पर बैकफुट पर धकेलने का मौका। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम के पास उम्मीदें भी हैं और अनुभव भी। उनकी बैटिंग लाइन. अप में एक जानी-पहचानी मजबूती है( यह एक ऐसी लाइन. अप है जो एक छोटे से स्कोर को भी एक बड़े और मजबूत स्कोर में बदल सकती है, या फिर किसी भी बड़े लक्ष्य का पीछा इतनी आसानी से कर सकती है, जैसे कि यह कोई पहले से की गई रिहर्सल हो। टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा की मौजूदगी टीम को एक शांत और मजबूत आधार देती है, वहीं सूर्यकुमार यादव अपनी अनोखी और अलग तरह की बैटिंग शैली के साथ टी20 क्रिकेट के आधुनिक चेहरे को दिखाते हैं – निडर, नए-नए प्रयोग करने वाले, और अक्सर गेंदबाजों को हैरान कर देने वाले। पंड्या खुद इस टीम की दोहरी भूमिका को बखूबी निभाते हैं: एक आक्रामक बल्लेबाज और एक चतुर कप्तान, जिनसे ऐसे अहम मौकों पर टीम के लिए योगदान देने की उम्मीद की जाती है, जब हिम्मत और सूझबूझ, दोनों की जरूरत होती है। उनके आस-पास तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी और मैच को फर्निश करने वाले अन्य विकल्प टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह पक्का हो जाता है कि मुंबई का मिडिल या लोअर ऑर्डर शायद ही कभी कमजोर पड़ता है। उनकी गें. दबाजी में भी एक ऐसी मजबूती है, जिसकी हर कोई इज्जत करता है। जसप्रीत बुमराह, अपनी अचूक गेंदबाजी और दबाव में भी बेहत. रीन प्रदर्शन करने की काबिलियत के साथ, एक ऐसे गेंदबाज हैं जो सिर्फ एक ही ओवर में पूरे मैच का रुख बदल सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट की स्विंग और दीपक चाहर की कसी हुई गेंदबाजी का साथ मिलने से, मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण सिर्फ कामचलाऊ नहीं, बल्कि बेहद धारदार और असरदार बन जाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कम निश्चितताओं और ज्यादा सवालों के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। अजिक्य रहाणे की कप्तानी में-जो अपनी शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, न कि दिखावे के लिए-टीम में खिलाड़ियों और सोच, दोनों में बदलाव आए हैं। उनकी बैटिंग लाइनअप में आक्रामकता और स्थिरता का बेहतरीन मेल है( इसमें ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो विस्फोटक पारियां भी खेल सकते हैं और संभलकर पारी को आगे भी बढ़ा सकते हैं। फिन एलन, सुनील नारायण और रिकू सिंह इसी विस्फोटक मिश्रण का प्रतिनिधित्व करते हैं-वे शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन उतना ही उनकी टाइमिग और पिच के हालात पर भी निर्भर करता है। कोलकाता के लिए चुनौती सिर्फ उनकी बैटिंग में ही नहीं, बल्कि उनकी बॉलिग में भी है। उन्हें ऐसी पिच पर खेलना होगा जो पारंपरिक रूप से स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है।

# 2026 टूर पर मेरा आखिरी सीजन होगा: गोफिन



**नई दिल्ली, वार्ता।** बेल्जियम के डेविड गोफिन ने घोषणा की है कि 2026 एटीपी टूर पर प्रतिस्पर्धा करने का उनका आखिरी सीजन होगा। 35 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट में इस फैसले की पुष्टि की। गोफिन , जो एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 7 खिलाड़ी रह चुके हैं, छह बार के टूर-स्तरीय चैंपियन हैं और उनका मैच रिकॉर्ड 357-275 है। गोफिन ने वीडियो में कहा, ष्कुछ फैसले लंबे समय तक आपके साथ रहते हैं।

मैंने इस खेल के लिए अपना सब कुछ दे दिया है, और टेनिस ने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया है जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मैच, मुकाबले, जीत, हार। भावनाएं। वे लोग जो इन सबमें मेरे साथ थे। और इसीलिए यह मेरी जदिगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक रहा है। इस बेल्जियम खिलाड़ी ने अब तक शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 21 जीत हासिल की हैं, जिनमें रोजर फेडरर के खिलाफ एक जीत, राफेल नडाल के खिलाफ दो जीत और नोवाक जोकोविच के खिलाफ एक जीत शामिल है। हाल ही में, गोफिन ने मियामी ओपन में कार्लोस अल्काराज को हराया था।

## खेल विशेष

### इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी मेसी के नाम पर स्टैंड का नाम रखा

**फ्लोरिडा, वार्ता।** अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के मौजूदा क्लब इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखा है। 38 वर्षीय मेसी, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ यूरोप में ट्रॉफियों से भरे करियर के बाद 2023 में इस एमएलएस क्लब के साथ करार किया था। वह इस फ्लोरिडा क्लब के लिए 82 गोल के साथ रिकॉर्ड गोल करने वाले और 53 असिस्ट के साथ रिकॉर्ड असिस्ट देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। क्लब ने अपने 26,700 दर्शकों की क्षमता वाले नए स्टेडियम में एक सक्रिय खिलाड़ी को इस तरह सम्मानित करने का एक अनोखा कदम उठाया है। इंटर मियामी ने कहा: ष्परंपरागत रूप से, सम्मान अतीत की ओर देखते हैं। वे पुरानी यादों से बनते हैं। स्मृतियों से।

### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 'लक्ष्य 3.0' स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल समापन

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'लक्ष्य 3-0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में 3 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिटन, कबड्डी, आर्म रेसलिग और महिला बॉक्स क्रिकेट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन डा. देवेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन एवं समापन समारोह में कुलपति प्रो- (डा.) उमा भारद्वाज और रजिस्ट्रार डा. मुकेश पराशर की गरिमामई उपस्थिति रही।

# स्टेफनी टेलर की सेंचुरी के बावजूद विंडीज हारा, ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बनाई

**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सेंट किट्स में पहले मैच में वेस्ट इंडीज पर 103 रनों की आसान जीत के साथ, सोफी मोलिन्यू के वनडे कप्तान के तौर पर कार्यकाल की शुरुआत की। मेहमान टीम ने 341 रन बनाए और फिर वेस्ट इंडीज को 238/8 पर रोक दिया,

जबकि स्टेफनी टेलर ने 105 रन बनाकर नाबाद रहीं। बैटिंग करने का फैसला करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 75 रनों की ओप. निंग पार्टनरशिप के साथ मजबूत शुरुआत की। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फीबी लिचफील्ड ने 72 गेंदों में 77 रन बनाकर पारी को संभाला, इस दौरान वेस्ट इंडीज ने उन्हें दो बार कैच छोड़ने का मौका दिया। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर लय बनाए रखी, लेकिन कुछ विकेट गिरने के बाद रन बनाने की गति थोड़ी धीमी हो गई। नंबर 4 पर बैटिंग करते हुए मोलिन्यू, डेब्यू करने वाली ताहलिया विल्सन द्वारा स्टंपिग के दो मौकों से बच गईं और निकोला कैरी के साथ 91 रनों की पार्टनरशिप में 47 रन बनाए, निक. ोला कैरी ने खुद 49 रन बनाए। इस पार्टनरशिप के अलावा, जॉर्जिया वेयरहम (42) के आखिर में दिए गए योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को 300 के पार पहुंचाया और उन्हें एक मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। अफी फ्लेचर ने तीन विकेट लिए, लेकिन अपने 10 ओवरों में 83 रन खर्च किए। वेस्ट इंडीज को एक बड़े लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन उन्होंने कप्तान हेली मैथ्यूज सहित शुरुआती विकेट जल्दी खो दिए और जल्द ही मैच में पीछे रह गए। स्टेफनी टेलर ने एक नाबाद सेंचुरी के साथ पारी को संभाले रखा-यह 2021 के बाद उनकी पहली वनडे सेंचुरी थी-लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास मदद नहीं मिली। चिनले हेनरी के 38 रन वेस्ट इंडीज की ओर से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। किम गार्थ सबसे बेहतरीन गें. दबाज रहीं और उन्होंने दोनों ओपनर्स को आउट किया, उन्होंने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। 16वें ओवर में एश्ले गार्डनर ने डियांड्रा डॉटिन को रन आउट कर दिया, और भले ही चिनले हेनरी और टेलर ने चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़े, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पूरे मैच के दौरान हावी रहा। गार्डनर ने भी 2 विकेट लेकर टीम में योगदान दिया।

# धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दिग्गज बल्लेबाज एम.एस. धोनी, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच खिताब दिलाए हैं, पिडली में खिचाव के कारण टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगे।

एक संक्षिप्त, एक-लाइन के बयान में, सीएसके ने कहा कि धोनी पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज और सुधार) करवा रहे हैं और मौजूदा सीजन के पहले दो हफ्तों में उन्हें मैदान पर खेलते हुए नहीं देखा जाएगा। बयान में कहा गया कि एम.एस. धोनी इस समय पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन करवा रहे हैं। इसके चलते, उनके टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते न खेल पाने की संभावना है। जल्दी ठीक हो जाइए, थाला! इस करिश्माई क्रिकेटर ने सीएसके को 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जिताए हैं, यह एक ऐसा



रिकॉर्ड है जिसे वह मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझा करते हैं। दरअसल, धोनी और रोहित ने अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी उन सभी अभियानों में की है जिनमें उनकी टीमों ने खिताब जीते, और वे आरसीबी के विराट कोहली और मनीष पांडे के साथ उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने आईपीएल के सभी 18 सीजन में हिस्सा लिया है। सीएसके, जो पिछले दो सीजन (2024 और 2025) में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी (इन दोनों सीजन में सीएसके ने सिर्फ चार मैच जीते थे, इस साल अपनी जीत के फॉर्मूले पर वापस लौटकर अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद कर रही होगी। हालांकि, धोनी की चोट को लेकर अचानक पैदा हुई चिंताओं ने कुछ घबराहट पैदा कर दी है। मैदान पर उनके विशाल अनुभव और मार्गदर्शन की कमी सीएसके को बुरी तरह खलेगी, क्योंकि सीएसके अपने 2026 आईपीएल अभियान की शुरुआत गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद, मैच वापस अपने घरेलू मैदान पर होंगे, जहां सीएसके 3 अप्रैल को यहां के ऐतिहासिक एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

# एमआई के अभ्यास सत्र से नदारद रहे बुमराह, सैंटनर और जैक्स

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 मार्च को होने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले से दो दिन पहले आयोजित अनिवार्य ट्रेनिंग सत्र से जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर और विल जैक्स नदारद रहे।

बुधवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि बुमराह स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग पर काम करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं। बुमराह के पहला मैच खेलने की उम्मीद है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह दल से कब जुड़ेंगे। 8 मार्च को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का फाइनल हारने के बाद सैंटनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर पर तीन टी20 में न्यूजीलैंड की कप्तानी की थी और अंतिम दो मुकाबलों के लिए उन्हें ब्रेक दिया गया था। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने वाले इंग्लैंड के दल में जैक्स मौजूद थे और इसके बाद वह दल के साथ चार्टर विमान में इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए थे। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है



कि सैंटनर और जैक्स भारत पहुंचे हैं या नहीं। रविवार के मुकाबले से पहले एमआई और केकेआर दोनों ने वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास किया। एमआई से रोहित शर्मा ने सबसे पहले नेट्स पर स्ट्राइक लिया, एक घंटे से ज्यादा की बल्लेबाजी में उन्होंने तेज गेंदबा. जी का विशेष तौर पर सामना किया। शार्दुल ठाकुर और हार्दिक पंड्या ने उन्हें जमकर गें. दबाजी की, जिसमें काफी शॉर्ट पिच गेंदें शामिल थीं। हार्दिक ने लगभग एक घंटे की गें. दबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी हाथ आजमाए। एमआई के लिए बड़ा सवाल सलामी जोड़ी को लेकर है कि रोहित के साथ रायन रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक में से कौन पारी की शुरुआत करेगा। दोनों दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज अभ्यास सत्र में मौजूद थे।

रिकल्टन ने रोहित के साथ बल्लेबाजी करने के अलावा विकेटकीपिंग का भी अभ्यास किया जबकि डी कॉक ने फील्डिंग का अभ्यास किया। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने भी बल्लेबाजी की और उन्होंने पावर हिटिंग का अभ्यास किया। दानिश मालेवर भी अभ्यास सत्र में मोजूद थे जिन्हें एक शानदार घरेलू सीजन के बाद आईपीएल 2026 की नीलामी में एमआई ने खरीदा। ट्रेनिंग के अंतिम चरण में गेंदबाजी कोच लसित मलिगा की निंगरानी में एमआई के तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, अश्विनी कुमार और मोहम्मद इजहार ने गेंदबाजी की।

# आईपीएल 2026 में झारखंड के सात युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**रांची, वार्ता।** झारखंड के लिए आईपीएल 2026 खास मायने रखता है, क्योंकि राज्य के 6 युवा खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए मैदान पर उतरेंगे। क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का आगाज आज से हो रहा है और इसके साथ ही पूरे देश में क्रिकेट का खुमार चरम पर पहुंचने वाला है।

यदि महेंद्र सिंह धोनी को भी इसमें जोड़ लिया जाए, तो यह संख्या उनके प्रसिद्ध जर्सी नंबर की तरह 7 हो जाती है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इस प्रदर्शन का असर आईपीएल चयन में भी दिखा है, जहां कई खिलाड़ियों को मौका मिला है। इस सीजन में सभी की नजरें इन खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी, जो अपने प्रदर्शन से झारखंड का नाम रोशन करने उतरेंगे। सबसे ज्यादा चर्चा कप्तान ईशान किशन की है, जो इस बार सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभालेंगे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम को खिताब दिलाने के बाद उनका आत्मविश्वास चरम पर है और वे शानदार फॉर्म में हैं। वहीं, युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 166 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए डेथ ओवरों में टीम को मजबूती दी। ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई है। टूर्नामेंट में 303 रन और 18 विकेट लेकर वे मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे, जिससे उनकी उपयोगिता और बढ़ गई है। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 422 रन 161 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस बार वे गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे, जहां उनका यह दूसरा सीजन होगा। तेज गेंदबाज सुशांत, जो अपनी तेज रफ्तार और बाउंसर के लिए जाने जाते हैं, को इस बार राजस्थान रॉयल्स ने टीम में शामिल किया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 22 विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की है। वहीं, रांची के उभरते हुए स्पिनर अमित कुमार के लिए यह पहला आईपीएल सीजन होगा। अंडर-23 और एज ग्रुप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीनियर टीम में मौका मिला है और अब वे बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 झारखंड के इन खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर है। अगर ए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ने में सफल रहते हैं।

# भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने आईपीएल टिकट लेने से मना किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** राजनीतिक परंपरा से हटकर एक अनोखे कदम में, भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार को कर्नाटक की राजनीति में गहरे जमे ष्वीआईपी कल्चरष पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विधायकों को दिए जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट लेने से मना कर दिया, और इस बात पर हैरानी भी जताई कि विधानसभा स्पीकर ने भी सदन की कार्यवाही के दौरान ऐसी ही मांगें दोहराईं।

अपने इस फैसले को विशेषाधिकार के खिलाफ एक स्टैंड बताते हुए, सुरेश कुमार ने कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि ऐसा कल्चर सभी पार्टियों में फैला हुआ है, यहां तक कि एक ष्खुद को समाजवादी कहने वाले मुख्यमंत्रीष के नेतृत्व



वाली सरकार में भी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए, उन्होंने उस सरकार की कथनी और करनी में अंतर पर सवाल उठाया, जो समा. जवादी मूल्यों की बात तो करती है, लेकिन ऐसी प्रथाओं को चलने देती है। उन्होंने एक कड़े बयान में कहा कि यह वीआईपी कल्चर और विशेषाधिकार की राजनीति सभी पार्टियों में फल-फूल रही है। इसी वजह से, एक वर्ग के तौर पर राजनेताओं की छवि, विश्वसनीयता और इज्जत लोगों की नजरों में बहुत नीचे गिर गई है। हाल ही में हुई विधानसभा की कार्यवाही को याद करते हुए, राजाजीनगर के विधायक ने कहा कि ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी जैसे शासन से जुड़े मुद्दों पर होने वाली चर्चा अचानक आईपीएल मैचों और ज्यादा टिकटों की मांग की ओर मुड़ गई, खासकर उन मैचों के लिए जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं विधायकों के लिए टिकट मांगने के विचार का विरोध करना चाहता था, लेकिन जब मैंने स्पीकर को भी वैसी ही बातें कहते सुना तो मैं हैरान रह गया, और इसलिए मैंने खुद को रोक लिया। उन्होंने इसे राजनीतिक विशेषाधिकार को संस्थागत रूप से स्वीकार किए जाने का एक गहरा संकेत बताया। सुरेश कुमार ने राजनीतिक आचरण में इस ष्विसंगतिष की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री ऐसे ष्वीआईपी कल्चरष का विरोध करेंगे, लेकिन उन्हें पिछले साल विधान सौध के सामने अपने परिवार के साथ आईपीएल की जीत का जश्न मनाने में मुख्यमंत्री की भागीदारी की याद आ गई। उन्होंने विधायकों में 'संवेदनहीनता' पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकारों की मांग ऐसे समय में की जा रही है, जब बेकसूर लोगों की जान जाने वाली एक पिछली त्रासदी की यादें अभी भी ताजा हैं।

### सिनर फाइनल में सनशाइन डबल से एक जीत दूर

**फ्लोरिडा, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ लगातार अपना सातवां मैच जीतकर चौथी बार मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इटली के सिनर ने 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल की और रविवार को उनका मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। सिनर तीन साल में अपना दूसरा मियामी खतिाब जीतने का लक्ष्य बना रहे हैं। साथ ही, इस महीने इंडियन वेल्स में जीत के बाद, वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की भी कोशिश कर रहे हैं। चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और मौजूदा विबलडन चैंपियन सिनर ने दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी जर्मनी के दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया था। सिनर ने कहा कि यह एक शानदार दौर रहा है।

# बंगलादेश आईपीएल के प्रसारण पर लगे बैन पर फिर से विचार करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण पर लगा बैन, आवेदन मिलने पर हटाया जा सकता है। जर्मन ब्रॉडकास्टर डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा कि अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो उस आवेदन पर विचार किया जाएगा। स्वपन ने ब्रॉडकास्टर से कहा कि किसी ने भी हमसे आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन नहीं किया है।

हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। आईपीएल का 19वां सीजन शनिवार से शुरू होगा और इसका फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। स्वपन ने आगे कहा कि बांग्लादेश के केबल ऑपरेटरों पर भारतीय ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा टूर्नामेंट के प्रसारण को दिखाने पर कोई बैन नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम किसी को भी इसका प्रसारण करने से नहीं रोकेंगे। अगर स्टार स्पोर्ट्स इसका प्रसारण करना चाहता है, तो वे कर सकते हैं। अगर हमारे चैनलों में से कोई इसका प्रसारण करना चाहता है, तो हम इसे सकारात्मक रूप से लेंगे, लेकिन हम किसी पर कोई जोर-जबरदस्ती नहीं करेंगे। इससे पहले, जब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में थी, तब आईसीटी मंत्रालय ने एक पत्र जारी किया था, जिसमें देश के सभी टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों को टूर्नामेंट का प्रसारण न करने का निर्देश दिया गया था। उस पत्र में दावा किया गया था कि यह फैसला 'जनहित' में लिया गया है।




नई दिल्ली। दिलशाद कॉलोनी में एलपीजी सिलेंडर की जारी आपूर्ति संकट के बीच सिलेंडर खरीदने के लिए कतार में खड़े लोग।

## रूस-ईरान ने पश्चिम एशिया संकट और मानवीय सहायता पर चर्चा की

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने टेलीफोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्रियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की 'बिना उकसावे की आक्रामक कार्रवाई' से उत्पन्न 'गंभीर सैन्य-राजनीतिक संकट' पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर और क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए इस संघर्ष को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ईरान में बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र इलाके में एक और हमला: IAEA

## महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने की अधिकतम संयम बरतने की अपील

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान ने अपने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) के इलाके में उसे एक और हमले की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि हमले से कोई रेडिएशन नहीं फैला हैऔर न ही रिएक्टर को कोई नुकसान पहुंचा है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि ईरान ने हमें बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इलाके में एक नए हमले की जानकारी दी है, पिछले 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है।

इसमें उसके चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई रेडिएशन फैला है। संयंत्र की स्थिति सामान्य है। एजेंसी ने बताया कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। आईएईए ने कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सैन्य गतिविधियों की हालिया रिपोर्टों पर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है। महानिदेशक ग्रॉसी ने परमाणु दुर्घटना के



■ अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है

जोखिम से बचने के लिए अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपनी अपील दोहराई है। इस बीच, एजेंसी ने कहा कि खोंदाब में ईरान के भारी जल उत्पादन संयंत्र पर हमले के बाद रेडिएशन फैलने का कोई खतरा नहीं है। एजेंसी ने एक्स पर कहा कि ईरान ने आईएईए को जानकारी दी है कि आज खोंदाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र पर भी हमला हुआ है। चूंकि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है, इसलिए रेडिएशन का कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, ईरान ने आज यह भी बताया कि एक औद्योगिक इकाई-माप-तोल के लिए सीलबंद खुजेस्तान स्टील उत्पादन फैक्ट्री जो सीओ.60 और सीए.137 रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करती है । उस पर भी हमले हुए, लेकिन इससे बाहर कोई रेडिएशन नहीं फैला।

### परमाणु संयंत्रों पर हमले रोकने के लिए रूस प्रयासरत: उल्यानोव

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह अमेरिका और इजरायल के साथ संपर्क में है और उन्हें परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) विशेष रूप से बुशेहर परमाणु संयंत्र की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर हमलों से बचने की सलाह दे रहा है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती से कहा कि रूसी संघ इजरायल और अमेरिका दोनों के साथ आवश्यक संवाद कर रहा है और उन्हें याद दिलाया गया है कि परमाणु संयंत्रों पर हमलों को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सफोंकोव ने कहा कि रूस ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉस्को न केवल मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बल्कि इस दिशा में सक्रिय कदम भी उठा रहा है। सफ्रोंकोव ने बताया कि रूस सभी पक्षों के साथ लगभग दैनिक संपर्क बनाए हुए है और उन्हें राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं को दूर करने के लिए रूस ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के रूस से प्रतिबंध हटाने की संभावना नहीं: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी से जुड़े और राज्य ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति कार्यकाल की समाप्ति तक अमेरिका के रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने की संभावना कम है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिका का दौरा करने वाले रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख निकोनोव ने संवाद समिति 'रिया नोवोस्ती' को बताया कि इस मामले में उनका जवाब 'संभवत: 'नहीं' है।

### ओली की गिरफ्तारी देश में न्याय की नई शुरुआत: गुरुंग

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर शनिवार को कहा कि यह देश में न्याय की नई शुरुआत है। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और यह गिरफ्तारी किसी के खिलाफ प्रतिशोध नहीं है, यह सिर्फ न्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा 'मेरा मानना है कि देश अब नई दिशा में बढ़ रहा है।' पुलिस ने आज सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था।

### खड़गे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं। उन्होंने लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी, जिससे दोनों देशों के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और पारस्परिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रोपेन सिलेंडरों के फटने के बाद टोरंटो के शहर के बीचों-बीच धमाके

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के टोरंटो शहर के निचले क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रखे प्रोपेन सिलेंडरों के फटने से जोरदार धमाके हुए और घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रिचमंड स्ट्रीट वेस्ट और जॉन स्ट्रीट के पास हुई, जहां दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

# अब अगला नंबर क्यूबा का: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूएस सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए दी धमकी

**मियामी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अमेरिकी सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। मियामी में सऊदी समर्थित एक व्यावसायिक मंच पर ईरान के साथ संघर्ष में ट्रम्प ने संकेत दिया कि हवाना पर वाशिंगटन दबाव बढ़ा सकता है या संभावित कार्रवाई कर सकता है।

उन्होंने कहा कि और वैसे, क्यूबा अगला है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका कौन से कदम उठा सकता है, जबकि क्यूबा गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ट्रम्प ने हाल के दिनों में वेनेजुएला में अमेरिकी कदमों और जारी ईरान संघर्ष के बाद हवाना पर दबाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने किसी संभावित योजना का विवरण नहीं दिया है। वह क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल को वाशिंगटन के साथ किसी समझौते की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे किसी समझौते की रूपरेखा अभी स्पष्ट नहीं है। ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया। इसके साथ ही नाटो की आलोचना भी की और कहा कि उसने तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के अभियान का पर्याप्त समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि 47 वर्षों से ईरान पश्चिम एशिया का दबंग माना जाता रहा है, लेकिन अब वह दबंग नहीं रहा। वह पीछे हट रहा है, जिस पर सभा में हल्की तालियां बजीं। उन्होंने दोहराया कि यदि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई नहीं होती तो ईरान 'दो से चार सप्ताह' के भीतर परमाणु हथियार विकसित कर लेता और पहले के हमलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया है। उन्होंने सऊदी प्रतिभागियों को इस अभियान की आवश्यकता के बारे में समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि वे इसका इस्तेमाल आप पर, इजराइल पर और सभी पर करते। ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि दूसरे कार्यकाल से पहले सऊदी नेतृत्व ने उन्हें कम आंका था। ट्रम्प ने अपने संबोधन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर भी भरोसा जताया, जो इस संघर्ष से जुड़े बाजार उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था फिर से उभर रही है। उन्होंने कहा कि जब यह युद्ध खत्म होगा, तो यह रॉकेट की तरह होगा। मुझे लगा था कि हम और नीचे जाएंगे और तेल की कीमतें इससे अधिक बढ़ेंगी। यह अभी खत्म नहीं हुआ है। यह लगभग खत्म है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।



■ ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया

### ईरान के खिलाफ 'सैन्य अभियान' बहुत अच्छी स्थिति में: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान ष्बेहतरीन ढंग सेष आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में 'सबसे गंभीर सेंध' में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान 'महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में' समाप्त हो जाएगा।

### नाटो से समर्थन वापस ले सकता है अमेरिका: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं। ट्रम्प ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा कि हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं, हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैए को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अब नाटो की सहायता की आवश्यकता नहीं है। ट्रम्प ने 17 मार्च को कहा था कि नाटो ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान का समर्थन नहीं कर 'बहुत बड़ी गलती' की है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश नाटो देश इस अभियान में शामिल नहीं होना चाहते, जो उनके लिए आश्चर्यजनक नहीं है, और उन्होंने गठबंधन को 'एकतरफा व्यवस्था' करार दिया।

# डब्ल्यूटीओ में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत हो: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सर्वसम्मति के आधार पर निर्णय की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और पिछले दौर के व्यापार समझौतों में उन सामान व्यवस्थाओं को दूर करने पर बल दिया है, जो विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही हैं। कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के चौदहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारतीय दल के नेता और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय की व्यवस्था डब्ल्यूटीओ की वैधता का आधार है। इस बैठक में मंत्रियों ने डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रणाली में सुधार संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधारों में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं का समाधान होना चाहिए। 'पूर्व में तय एजेंडा सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया' के मुद्दे पर बोलते हुए, गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वैधता का आधार है, और यह महत्वपूर्ण है कि यह बहुपक्षीय संगठन सदस्यों के संप्रभु अधिकारों की अनदेखी न करे और ऐसे नियम थोपना की कोशिश न की जाए, जिन पर आम सहमति नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय लेने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने के लिए विश्वास के पुनर्निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत ने इस बात पर बल दिया कि डब्ल्यूटीओ को वर्तमान गतिरोध और इसके मूल कारणों का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चाएं पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित हों। भारत ने यह भी कहा कि एक एकीकृत बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली अपने संस्थागत ढांचे के भीतर टकराव के रहते हुए फल-फूल नहीं सकती। इस बैठक में सदस्यों को 'समान अवसर मिलने के मुद्दों' पर गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि चर्चाओं में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा मानक (पीएसएच) और कपास पर एसएसएम जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

■ व्यापार समझौतों में विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही को दूर करने पर बल दिया
■ भारत ने विश्व व्यापार संगठन में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत रखने पर दिया जोर

# ईरान जंग पर बात करने पाक जाएंगे 3 देशों के विदेश मंत्री

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्की, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत को रोक दिया गया। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्की में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। कतर और यूक्रेन ने एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कतर के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते के तहत दोनों देश मिसाइल और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए तकनीक और अनुभव शेयर करेंगे।

### रूस की स्टेट ड्यूमा के साथ संबंधों के लिए समूह बनाया: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में रूस की संघीय सभा (ड्यूमा) के साथ बातचीत के लिए एक समूह बनाया जाएगा। यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य और स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने यह जानकारी दी है। वह हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। निकोनोव ने अमेरिका में पांच रूसी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को वॉशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस के सहयोगियों और अमरीकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की।

# पाक को आईएमएफ से 1.2 अरब डॉलर का फंड मंजूर

## इस पैसे से पाक को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर आई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान के बीच करीब 1.2 अरब डॉलर को लेकर कर्मचारी स्तर का समझौता हो गया है।

यह समझौता हफ्तों तक चली लंबी बातचीत के बाद हुआ है। इस पैसे से पाकिस्तान को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया है। आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा। पहला है 'विस्तारित कोष सुविधा' (ईएफएफ) और दूसरा लचीलापन और स्थिरता सुविधा। ईएफएफ उन देशों को दी जाती है जो गंभीर संकट से जूझ रहे होते हैं, यानी जो लंबे समय तक भुगतान करने में सक्षम नहीं होते। आईएमएफ मिशन की प्रमुख इवा पेत्रोवा ने कहा कि आईएमएफ बोर्ड की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग 1 अरब डॉलर और आरएसफ के तहत 21 करोड़ डॉलर मिलेंगे। इस समझौते तक पहुंचना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं था। आईएमएफ की टीम ने 25 फरवरी से 2 मार्च तक इस्लामाबाद और कराची में डेरा डाला था। पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बातचीत में कई पेंच फंसे थे, जिसके कारण टीम बिना किसी समझौते के वापस लौट गई थी। इसके बाद कई दौर की वर्चुअल मीटिंग्स हुईं। दावा किया गया है कि इस दौरान पाकिस्तान सरकार ने भविष्य में कड़े आर्थिक फैसले लेने का भरोसा दिलाना दिलाया है। इसके बाद बातचीत बनी है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अपनी व्यापक आर्थिक नीतियों को और सख्त बनाना होगा। इसका सीधा मतलब है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, बिजली-गैस की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।




■ आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

## घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए उठाया कदम, भारत पर कम, चीन-तुर्की व ब्राजील पर ज्यादा असर

**मास्को।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजरायल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है।

इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड आयल) पर निर्भर है। क्रूड आयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है। हालांकि एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि रूस के फैसले से अगर वैश्विक सप्लाई पर असर पड़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। पहले से ही जंग के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। मास्को में पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं। मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है। रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है।



■ ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं, भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है

# 27 करोड़ से अधिक बच्चे हैं स्कूलों से बाहर

**पेरिस/नई दिल्ली।** यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट-2026 के अनुसार दुनिया भर में 27.3 करोड़ (273 मिलियन) बच्चे, किशोर और युवा स्कूल से बाहर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार सातवां साल है जब यह संख्या बढ़ी है और वैश्विक स्तर पर हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बाद लगभग हर क्षेत्र में स्कूल में बच्चों को बनाए रखने की प्रगति धीमी पड़ गई है। सबसे ज्यादा असर उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में देखा जा रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में रहने वाले हर छह में एक से ज्यादा शिक्षा से वंचित है। पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में ग्लोबल एजुकेशन कोएलिशन की बैठक में इस रिपोर्ट को 25 मार्च को जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2030 तक 'सबके लिए शिक्षा' लक्ष्य हासिल करने की राह में मुश्किल है। इस गति से हम 2030 तक दुनिया के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इससे वैश्विक शिक्षा एजेंडा को विफल नहीं माना जा सकता।

■ यूनेस्को शिक्षा रिपोर्ट में 2030 लक्ष्य पर बड़ा खतरा, लगातार सातवां साल जब यह संख्या बढ़ी

# बॉलीवुड

शाह टाइम्स
रविवार, 29 मार्च 2026



महिमा मकवाना एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो हिंदी टीवी सीरियल्स और फिल्मों में अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सपने सुहाने लड़कपन के रचना और सलमान खान के साथ बॉलीवुड फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ 2021 में काम करके पहचान बनाई। 5 अगस्त 1999 को मुंबई में जन्मी महिमा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।

## महिमा मकवाना संग दिखी अपारशक्ति की बेहतर केमिस्ट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना तेरे पीछे रिलीज किया है, जिसमें महिमा मकवाना भी नजर आ रही हैं। यह गाना अपारशक्ति खुराना के नए अल्बम का हिस्सा है और अब स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर उपलब्ध है।

अपारशक्ति खुराना ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, तेरे पीछे एक सुकून देने वाला प्यार भरा गाना है, जो प्यार की गर्माहट और उसकी नाजुकता को महसूस कराता है। यह मेरे सबसे खास गानों में से एक है, जिसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ बनाया है। यह कविता और मधुर संगीत का खूबसूरत मेल है, जिसे आप अपने किसी खास के साथ सुनना चाहेंगे।

तेरे पीछे एक दिल को छू लेने वाला गाना है, जो प्यार, तड़प और भावनाओं को दर्शाता है। अपारशक्ति की आवाज और महिमा मकवाना की परफॉर्मेंस इसे और भी खास बनाती है। इस अल्बम में दो और गाने भी हैं गुलाबी आसमान और आखिरी वार, जो अलग-अलग संगीत शैली में हैं लेकिन आम जिदगी की भावनाओं से जुड़े हुए हैं। तेरे पीछे के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जिनमें कविता और आधुनिक अंदाज का अच्छा मेल है। इस अल्बम के जरिए अपारशक्ति ने दिखाया है कि वह एक्टिग के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बना रहे हैं और नए प्रयोग कर रहे हैं।



## अल्लू ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा किया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है। अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है। अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिग के दम पर उन्होंने जहां भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के आइकॉन स्टार के रूप में पहचाने जाने तक, उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है। अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। पुष्पा राज के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार /अल्लू अर्जुन के 23 साल। यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है। अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज



भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई।

### राम चरण के जन्मदिन पर पेड्डी पहलवान का लुक रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म पेड्डी से पेड्डी पहलवान लुक हुआ रिलीज हो गया है। फिल्म पेड्डी 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब मेकर्स ने शानदार कंटेंट पेड्डी पहलवान रिलीज किया है, जिसमें राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन दिखाया गया है, और यह इंडस्ट्री के बेहतरीन ट्रांजिशन्स में से एक नजर आता है। पेड्डी पहलवान में राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन काफी यूनिक है। यह उनके फैंस के लिए किसी बेहतरीन बर्थडे गिफ्ट से कम नही है। आरआरआर के बाद उनका यह नया अवतार बेहद एक्साइटिंग लग रहा है। इससे पहले हमने आरआरआर में उनका शानदार ट्रांसफॉर्मेशन देखा था।

## अडीवी सेश को जापानी फैन से मिला खास सरप्राइज

**मुंबई।** अभिनेता अड़ीवी सेश को हाल ही में सेट पर एक बेहद भावुक और खास पल का अनुभव हुआ, जब उनकी एक जापानी फैन उनसे मिलने के लिए खासतौर पर हैदराबाद पहुंची। यह फैन, जिनका नाम रीना है, उनकी आने वाली फिल्म डकैत के लिए शुभकामनाएं देने आई थी। इस मुलाकात को और भी खास बनाते हुए रीना ने सेश के लुक को अपनाया था। उन्होंने अड़ीवी सेश की तरह कपड़े पहने थे और यहां तक कि सेश का घर का नाम जैकेट पर सनी भी लिखा हुआ था। इस पूरे पल को अभिनेता ने एक वीडियो के ज़रिए सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। रीना, फिल्म बाहुबली के समय से ही अड़ीवी सेश की बड़ी फैन रही हैं और यह उनका तीसरा मौका था जब वह सिर्फ उनसे मिलने के लिए जापान से भारत आईं। उन्होंने अपने लुक में भी खास ध्यान दिया अपने बालों को सेश की पहली फिल्म कर्मा से प्रेरित स्टाइल में बनाया और वैसे ही लाल जूते पहने जैसे सेश ने एक फोटोशूट में पहने थे। इसके अलावा, वह उनके लिए खाने का सामान भी लेकर आईं, जिससे यह मुलाकात और भी



खास बन गई। अड़ीवी सेश ने भी पूरे दिल से उनके इस प्यार का जवाब दिया, जिससे यह पल और भी भावुक हो गया। वीडियो में दोनों के बीच एक सच्चा और खूबसूरत जुड़ाव देखने को मिलता है।

### रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्मकार नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को रिवील होगी। रामायण 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसे एक भव्य सिनेमाई स्पेक्टेकल के रूप में ग्लोबल स्तर पर बनाया जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में और नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही यह दो भागों में आने वाली महाकाव्य फिल्म दुनिया भर के बेहतरीन क्रिएटिव टैलेंट को साथ लेकर एक ऐतिहासिक सिनेमाई इवेंट बनने की तैयारी में है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं।

## मुस्कान बामने महाराष्ट्रीयन लुक में हुईं वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने नेसोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नौवारी साड़ी और नथ के साथ पारंपरिक महाराष्ट्रीयन लुक में सबको चौंका दिया। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी दिल छू लेने वाली कहानियों और सांस्कृतिक पलों से दर्शकों का दिल जीत रहा है।


हाल ही में गुड़ी पड़वा के मौके पर दिखाए गए सीक्वेंस ने स्क्रीन पर त्यौहार की रौनक और रंगीन माहौल भर दिया। किरदारों ने मिलकर इस शुभ अवसर को असली महाराष्ट्रीयन अंदाज़ में सेलिब्रेट किया। मुस्कान बामने, जो शो में शनाया का किरदार निभा रही हैं, इस सीक्वेंस में पारंपरिक लुक में नज़र आईं। उन्होंने गुलाबी रंग की नौवारी साड़ी पहनी थी, जिसे कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज़ के साथ पेयर किया गया था। मुस्कान बामने ने कहा, जैसे ही मैंने नौवारी साड़ी पहनी, मेरा मूड तुरंत बदल गया। रंग इतने ब्राइट थे कि पूरा माहौल ही बदल गया। जब नथ और ज्वेलरी पहन ली, तो ऐसा लगा ही नहीं कि मैं सिर्फ कॉस्ट्यूम पहन रही हूं। शूटिंग के दौरान एक घरेलू सीन करते वक्त अचानक लगा कि सब कुछ कितना रियल है सेट, एनर्जी, लोग। ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम शूट कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगा जैसे घर पर असली सेलिब्रेशन हो रहा हो। यही वो पल हैं जो हमेशा याद रहते हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।



### बिलियनेयर को लेकर अटकलें तेज

## अर्जुन रामपाल निभा रहे हैं विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ओटीटी सीरीज बिलियनेयर में उद्योगपति विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हंसल मेहता की अपकमिंग ओटीटी सीरीज बिलियनेयर की घोषणा के साथ ही इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अर्जुन रामपाल इस सीरीज में एक ताकतवर उद्योगपति की भूमिका में नजर आएंगे, जिसकी कहानी महत्वाकांक्षा, सत्ता और नैतिक पतन के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही निर्माता इसे पूरी तरह काल्पनिक बता रहे हैं, लेकिन कहानी में नजर आ रही समानताओं ने अटकलों को हवा दे दी है। चर्चा है कि अर्जुन रामपाल इस सीरीज में विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार बिलियनेयर का मुख्य किरदार



किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है, बल्कि कई वास्तविक हस्तियों के गुणों का मिश्रण हो सकता है, जिससे कहानी और ज्यादा प्रभावशाली बनती है। हंसल मेहता इससे पहले भी स्कैम जैसी चर्चित सीरीज में सच और फिक्शन के बीच की रेखा को बारीकी से पेश कर चुके हैं, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।फिलहाल मेकर्स ने कहानी को लेकर चुप्पी साध रखी है, लेकिन इतना तय है कि बिलियनेयर सत्ता, सफलता और उसकी कीमत की एक दिलचस्प कहानी पेश करेगी। इस सीरीज का निर्देशन हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। लेखन अनुभाव चोपड़ा और शांतनु सागर का है, जबकि प्रभलीन संधू ने इसे ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह शो अमेज़न एमएक्स प्लेयर की ओरिजिनल लाइनअप का हिस्सा है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108